# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–8 । सागर, सोमवार 24 फरवरी 2025 । पृष्ठ–12 । मूल्य – 3.00 रुपए



जीवन एक अवसर समिति ने ग्रामीण अंचल में रक्तदान करने की जगाई अलख — पृष्ठ 2

▸ ट्रंप के खुलासों पर मोदी की चुप्पी क्यों?
▸ दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम — पृष्ठ 4

▸ महाशिवरात्रि की तैयारियों में जुटा शहर, लगेंगे मेले, निकलेगी पालकी यात्रा — पृष्ठ 8

मनचले लम्पट बूढ़ों को उनके असामाजिक कृत्यों के लिये दी नसीहत — पृष्ठ 12


## सार-समाचार

### जनरल द्विवेदी फ्रांस की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को चार दिन फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। थल सेनाध्यक्ष सोमवार को पेरिस के लेस इनवैलिड्स में फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। दिन की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर से होगी जिसके बाद उनकी फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल के साथ चर्चा होगी। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है।

### भारत करेगा महिला शांति सैनिकों के लिए सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 24 एवं 25 फरवरी को ग्लोबल साउथ से संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भाग लेने वाली महिला शांति सैनिकों के लिए सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) के सहयोग से ग्लोबल साउथ की महिला शांति सैनिकों के लिए पहले सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शांति स्थापना, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सहयोग और क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आधारित इस सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल करेंगे जबकि समापन मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अभिभाषण के साथ होगा।

### श्रीलंका नौसेना ने 32 मछुआरे किए गिरफ्तार

**रामनाथपुरम/तमिलनाडु, एजेंसी।** श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए रविवार को यहां कहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया।

### कैमूर सड़क हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार में कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान करने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान चिलबिली ओवरब्रिज के समीप स्कॉर्पियो की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। घायलों को भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### देश के 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पूर्वी राज्यों में बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने 15 राज्यों में बारिश की संभावना जताई है। यह लगातार तीसरा दिन है जब 10 से ज्यादा पूर्वी राज्यों में बारिश का सिलसिला जारी है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के इलाकों में 30 से 60 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का आना जारी है। दो दिन हुई बर्फबारी ने डोडा, भद्रवाह, राजौरी समेत तमाम ऊंचे पहाड़ी इलाकों को व्हाइट वंडर में बदल दिया है। 24 फरवरी की रात एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने की संभावना है। इससे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो सकता है।

### कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित

**बेलगावी, एजेंसी।** बेलगावी में चल रहे सीमा विवाद के बीच दोनों राज्यों के बस चालकों को निशाना बनाकर की गई हिंसक घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बेलगावी के मरिहाल में कर्नाटक के एक बस कंडक्टर के कथित तौर पर मराठी नहीं बोलने पर की पिटाई के बाद विवाद बढ़ गया। इसी घटनाक्रम में विवाद में शामिल एक नाबालिग लड़की द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद कंडक्टर पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

---

वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आगाज़ आज

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ, देश-विदेश की औद्योगिक हस्तियां होंगी शामिल

### मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर फोकस



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए अनंत संभावनाओं के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 24-25 फरवरी को भोपाल में पहली बार आयोजित होने वाली समिट मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। समिट के आयोजन से प्रदेश की राजधानी भोपाल, देश के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन का केंद्र बन गई है और म.प्र. उद्योग हब बनकर उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को 2 दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होने वाली इस समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों का शुभारंभ करेंगे और देश-विदेश से आए निवेशकों, उद्योगपतियों, प्रवासी भारतीयों और स्टार्ट-अप्स को संबोधित करेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे। इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण नीति शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन से पहले राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाला 5 मिनट की वीडियो फिल्म प्रदर्शित की जाएगी।


समिट में सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आ रहे है। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में व्यापक पैमाने पर भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों को आकर्षित किया है।

विद्यार्थियों के हित में दिखाई संवेदनशीलता

### मोदी ने अपना कार्यक्रम 15 मिनिट आगे बढ़ाया

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रातः 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनिट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी अब प्रातः 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होंगे।

### शाह करेंगे जीआईएस का समापन



जीआईएस के दूसरे दिन, 25 फरवरी को समापन में मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य के विकास के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद मध्यप्रदेश - अनंत संभावनाएं नामक वीडियो की प्रस्तुति होगी, जिसमें राज्य की विशाल क्षमता और अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति सभा को संबोधित कर अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्य संबोधन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी संबोधित करेंगे। दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और प्रदेश के औद्योगिक निवेश संभावनाओं पर परस्पर चर्चा करेंगे।

---

प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का किया शिलान्यास, विपक्ष पर बोला हमला, कहा-

# समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोले हुए कहा कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देता हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू आस्था से नफरत करने वाले यह लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारी मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। यह लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म संस्कृति व स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है। नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो लोगों को तोड़ने में लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 218 करोड़ की लागत से लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्र में बनने वाले साइंस और रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया।

समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, संत रामभद्राचार्य, पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, राष्ट्रीय कथा व्यास साध्वी ऋतम्भरा दीदी, महंत बालक योगेश्वर दास विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजकल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है।



### मंदिर में अस्पताल, पूरे देश में मिसाल : डॉ. यादव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बागेश्वर धाम मंदिर में बनने वाला मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट पूरे देश में नई मिसाल बनेगा, जिसमें गरीब पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। आज का दिन बुंदेलखंड की धरती के लिए उत्साह और उमंग का दिन है। बुंदेलखंड की धरती में प्रधानमंत्री श्री मोदी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। बागेश्वर धाम को आज आमजन के साथ ही भगवान भी आशीर्वाद दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान से पहले बुंदेलखंड को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज कैंसर अस्पताल के माध्यम से बुंदेलखंड को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। बुंदेलखंड में जहां सूखा पड़ता था, वहां पीएम श्री मोदी के आशीर्वाद से सुखी रहने का सुख मिला है। पानी के बंटवारे पर देश के विभिन्न राज्यों में चल रहा विवाद प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में खत्म हो चुका है आज हम देश की नदियों को जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश में एक अद्भुत समय चल रहा है जो विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात दी है।

### प्रधानमंत्री मोदी की माताजी के नाम पर होगा एक वार्ड : पं. शास्त्री

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। बुंदेलखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास से बड़ी संख्या में अंचल के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। पं. शास्त्री ने कहा कि रिसर्च इंस्टिट्यूट में एक वार्ड का नाम प्रधानमंत्री श्री मोदी की माताजी के नाम पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार मंदिर में अस्पताल की अवधारणा को साकार करने के साथ ही कैंसर हॉस्पिटल को भविष्य में मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा।

---

दिल्ली विस के लिए 'आप' का एजेंडा तय

# आतिशी होंगी नेता प्रतिपक्ष



### विधानसभा का सत्र आज से

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और कालकाजी से विधायक आतिशी विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी की रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक में अरविंद केजरीवाल के अलावा पार्टी के सभी 22 विधायक मौजूद थे। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि 'आप' के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना। यह पहली बार है जब दिल्ली विधानसभा में कोई महिला विपक्ष की नेता बनी हैं। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नाते आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार से सारे वादे पूरे करवाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 2500 देने का वादा पूरा करवाना हमारी प्राथमिकता होगी। दिल्ली विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह 27 फरवरी तक चलेगा। 26 को शिवरात्रि की वजह से छुट्टी रहेगी। पहले दिन प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ लेंगे। उसके बाद वे विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

---

विराट ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा

# भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया

**दुबई, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंचना का दावा मजबूत कर लिया है। वहीं, पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई



है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है।

भारत को 223 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने हार्दिक पांड्या को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराया। वह आठ रन बना सके। भारत को 60 गेंद में 19 रन की जरूरत है। विराट कोहली को शतक बनाने के लिए 14 रन की जरूरत है। उनके साथ अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। भारत को 214 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए।

---

बीसीआई समेत अधिकतर राज्यों के वकील विरोध में थे

# अधिवक्ता संशोधन बिल वापस, कानून मंत्री बोले हर मुद्दे की करेंगे जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो।केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी। नए बिल की धारा 35 'ए' वकील या वकीलों के संगठन को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोकती है। इसका उल्लंघन वकालत के पेशे का मिसकंडक्ट माना जाएगा और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। मौजूदा व्यवस्था में हड़ताल करने पर रोक नहीं, प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की वजह से किसी का नुकसान होता है तो बिल की धारा 45 बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। मौजूदा स्थिति में अपने मुवक्किल को धोखा देना ही प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। इसकी शिकायत बीसीआई से होती है।

केंद्र सरकार ने अब प्राप्त सुझावों और चिंताओं की संख्या को देखते हुए परामर्श प्रक्रिया को समाप्त करने का ऐलान किया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि संशोधन विधेयक को लेकर बड़ी संख्या में फीडबैक प्राप्त हुए हैं उसके के आधार पर, मसौदा विधेयक, संशोधित रूप में बदलाव किया जाएगा। बता दें कि अधिवक्ता संशोधक विधेयक के मसौदे को लेकर पूरे देश में विरोध चल रहा था। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विरोध कर रहे वकीलों का समर्थन किया था।

---

विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में खुलासा

# 3 माह पड़ेगी अधिक गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाले तीन महीनों मार्च से मई 2025 के दौरान वैश्विक स्तर पर तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। खासकर अरब प्रायद्वीप, उत्तर-पूर्वी एशिया, पश्चिमी तटीय भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में अधिक गर्मी दर्ज की जा सकती है।

विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, इसके साथ ही, सूखा, लू, भारी बारिश जैसी मौसमी घटनाएं बढ़ सकती हैं, जो बाढ़, बीमारियों और कीटों के हमलों को बढ़ावा देकर फसलों की पैदावार और गुणवत्ता पर असर डाल सकती हैं। पिछले तीन महीनों (नवम्बर 2024 से जनवरी 2025) के मौसम के आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि आगामी मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे, लेकिन गर्मी सामान्य से अधिक बनी रहेगी। दुनिया के जिन इलाकों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है, उनमें अफ्रीका के बड़े हिस्से, मेडागास्कर, ज्यादातर एशियाई क्षेत्र, दक्षिण अमेरिका के कुछ भाग, कैरिबियन, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से, पश्चिमी प्रशांत और पूरा यूरोप शामिल हैं। विशेष रूप से अरब प्रायद्वीप, उत्तर-पूर्वी एशिया, पश्चिमी तटीय भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में तापमान सामान्य से कहीं अधिक हो सकता है। मार्च से मई 2025 तक प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य होने की उम्मीद है, जिससे इस दौरान कोई मजबूत अल नीनो या ला नीना प्रभावी नहीं रहेगा। यह स्थिति अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की तटस्थ अवस्था को दर्शाती है। हालांकि, भूमध्यरेखीय अटलांटिक महासागर के उत्तरी और दक्षिणी भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

---

यूएसएड फंडिंग विवाद पर कांग्रेस ने किया सवाल

# भारत का अपमान करने के बावजूद चुप्पी क्यों



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएड) के अनुदान को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस ने रविवार को भाजपा पर अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी जवाब देना होगा कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा झूठों और अनपढ़ों की बारात है। जिस 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर भाजपाई और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फर्जी निकली। वर्ष 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर, भारत में 'मतदान प्रतिशत बढ़ाने' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थे।''

### प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से मांगा जवाब

रमेश ने कहा कि एलन मस्क ने फर्जी दावा किया, ट्रंप को ढाका और दिल्ली के बीच गलतफहमी हुई, अमित मालवीय ने झूठ आगे फैलाया। जयराम रमेश ने कहा कि जबसे ट्रंप प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने 16 फरवरी को कहा कि यूएसएड ने 'भारत में मतदान' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान रद्द कर दिया है, तब से भाजपा कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। लेकिन अब पता चल रहा है कि यह पूरी खबर तो फर्जी है। जब पैसा भारत आया ही नहीं, तो (अनुदान) रद्द कैसे होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि असल में सारा विवाद 'डीओजीई' की सूची में दो यूएसएड अनुदान को लेकर है, जिन्हें वाशिंगटन स्थित चुनाव एवं राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण समूह (सीईपीपीएस) के माध्यम से दिया गया था। रमेश ने कहा कि सीईपीपीएस को यूएसएड से कुल 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिलने थे।

# जीवन एक अवसर समिति ने ग्रामीण अंचल में रक्तदान करने की जगाई अलख

## पुरुषों के साथ ही अब महिलायें भी बढ़-चढ़कर रक्तदान कर रही

**जैसीनगर, देशबन्धु।** रक्तदान से जीवनदान रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाये, इसी बात को ध्यान में रखते हुये जैसीनगर में जीवन एक अवसर समिति द्वारा रक्तदान शिविर का 8 वां आयोजन रविवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. स्वाति पांडे, प्रीति जैन, दीपा नामदेव व समिति सदस्य गोपाल नामदेव ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में 37 लोगो ने रक्तदान किया, जिसमें महिला पुरुष और पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। समिति के सदस्य सौमित्र पांडे ने बताया आज देश प्रदेश में थैलेसीमिया व अन्य गंभीर बीमारी के मरीजों के लिये रक्त की कमी साफतौर पर देखने को मिलती है। ऐसे में रक्त की कमी को पूरा करने को लेकर हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है। साथ ही इस शिविर के माध्यम से युवाओं को भी जागरूक किया जा रहा



है कि युवा समाज की सुरक्षा में आगे आये और अपनी जिम्मेदारी समझते हुये रक्तदान में अपनी भागीदारी निभाएं। शिविर में जिला चिकित्सालय टीम सदस्य अखलेश कुशवाहा ने बताया कि रक्तदान से न सिर्फ आप कई लोगों को नया जीवन दे सकते हैं, बल्कि कई बीमारियों को दूर भी भगा सकते हैं। भारत में हर साल 1 करोड़ ब्लड यूनिट की जरूरत पड़ती है। सोचिये, अगर कोई ब्लड ही डोनेट न करे तो फिर इस ब्लड की भरपाई कहां से होगी। इसलिये रक्तदान बहुत जरूरी है। समिति सदस्य नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि रक्त किसी कारखाने या फैक्ट्री में नहीं बनता मानव द्वारा किया गया रक्तदान इंसान को जीवन देने के काम आता है इसलिये लोगों को मानव जीवन बचाने के लिये रक्तदान के लिये आगे आना चाहिये। समिति के सदस्य गोपाल साधना नामदेव ने समस्त रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर उनका आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन एक अवसर समिति के सदस्य राहुल ठाकुर, शिवम तिवारी, नीरज नामदेव, ब्रजेश विश्वकर्मा आदि ग्रामवासी सहित पत्रकार शामिल रहे।

## मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर 2 मोटर साइकिल बरामद कर भेजा जेल



**बीना, देशबन्धु।** 21 फरवरी को फरियादी राजा माधव सिंह राय पिता मनोहर राय निवासी खिरिया वार्ड बीना ने थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि 20 फरवरी को मैने अपने घर के आंगन में बाउण्ड्री के अन्दर स्कूटी क्र. एमपी 15 एमएम 7741 जिसकी कीमत करीब 70,000 रुपये रात करीब 11.30 बजे रखी थी। सुबह देखा जो स्कूटी नहीं मिली। जिसकी रिपोर्ट पर थाना बीना में अपराध क्र. 115/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। दूसरी घटना में 21 फरवरी को फरियादी अजय साहू पिता रामसेवक साहू निवासी प्रताप वार्ड शर्मा कॉलोनी बीना द्वारा थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि 20-21 फरवरी की दरमियानी रात को मैने मोटर साइकिल एचएफडीलक्स क्र. यूपी 94 एन 5914 जिसकी कीमत करीब 80,000 रु. को अलंकार पेट्रोल पम्प बीना से मोटर साइकिल चोरी होना बताया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना बीना में अपराध क्र.116/25 धारा 303 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर की सूचना एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति, थाना बीना के गुण्डा बदमाश सुशील पिता रामबाबू तिवारी निवासी खिरिया वार्ड बीना जिला सागर से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। जिसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया जिससे चोरी गये मसरुका के संबंध में पूछताछ की गई। आरोपी के बताये अनुसार स्कूटी क्र. एमपी 15 एमएम 7741 एवं मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्र. यूपी 94 एन 5914 कुल मशरुका 1,50,000 रुपये को खिरिया वार्ड जितेन्द्र सिंह ठाकुर की प्लाटिंग के पास सुनसान इलाका में झाड़ियो से जप्त किया गया। प्रकरण सदर के आरोपी गुण्डा बदमाश सुशील पिता रामबाबू तिवारी निवासी खिरिया वार्ड बीना जिला सागर के विरुद्ध पूर्व से छेड़छाड, अड़बाजी, मारपीट संबंधी 12 प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक अनूप यादव, लखन राज, गौतम भट्ट, अयूब खान, जागेश्वर सिंह, जितेन्द्र, प्रेमजीत सिंह, जितेन्द्र धाकड, भूपेश साहू, संदीप, गजेन्द्र, नीरज राजपूत, सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रूम धर्मेन्द्र की भूमिका रही।

## गांधी मंदिर में मनाई गई संत गाडगे जयंती



**देवरीकलां, देशबन्धु।** रविवार को गांधी मंदिर देवरी पर अखिल भारतीय रजक महासंघ शाखा देवरी के तत्वाधान में संत गाडगे की 149 वीं जन्म जयंती समारोह सादगी पूर्वक मनाया गया। रजक समाज के चौधरी दामोदर रजक एवं मिट्ठू लाल रजक के द्वारा पुष्पमाला अर्पित की गई, दीप प्रज्वलित कर संत गाडगे का पूजन किया गया। तत्पश्चात समाज के सभी उपस्थित नगर एवं ग्रामीण से उपस्थित जनों ने संत गाडगे के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये। तदुपरांत गाडगे जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रवीण पाठक एवं शिक्षक ओम नारायण ठाकुर, सेन सर ने पुष्प अर्पित कर संत गाडगे के विचारों पर प्रकाश डाला एवं उन्नत जीवन जीने के लिये संत गाडगे के दिखाये गये पथ पर चलने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में सांसद राहुल लोधी, विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया सहित संदीप जैन बबलू सिनेमा वालों जन प्रतिनिधियों के द्वारा शुभकामनाओं के संदेश पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में दामोदर रजक, गिरजा रजक, भगत सिंह रजक, शंकर रजक, लाल सिंह, अरविंद रजक, कमलेश रजक, राजा रजक, राज रजक, अर्जुन रजक, राहुल अरविंद रजक, ऋषि रजक, कलू रजक आदि उपस्थित रहे।

# तपोवन तीर्थ पर होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिये किया गया पात्रों का चयन

**सागर, देशबन्धु।** श्री जैन तपोवन तीर्थ बहेरिया सिद्धगुवां में 12 से 17 अप्रैल में होने वाले श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिंब पंचकल्याण महोत्सव के मुख्य पात्रों का चयन किया गया। जिसमें मुख्य सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य इंजी. दीपक राज शिल्पा जैन सागर वाले परिवार हैदराबाद को प्राप्त हुआ, द्वितीय सौधर्म इंद्र उन्हीं के भाई अमित कुमार श्वेता विजय टाकीज रोड सागर वालों को प्राप्त हुआ। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जैन धर्म के अनुसार पंचमेरू से संबंधित पांच सौधर्म इंद्र, पांच माता-पिता, पांच कुबेर और पांच महायज्ञ नायक बनाये जायेंगे। इन्हीं को पंचकल्याणक महोत्सव समिति के पदाधिकारी का पद दिया जायेगा। माता-पिता बने के इच्छुक अनेक लोगों ने अपने फार्म जमा किये। कार्यक्रम के पूर्व मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। उसके उपरांत भक्तामर विधान मंगलाचरण दीप प्रज्वलन अनेक मांगलिक कार्य संपन्न किये गये। आचार्य श्री ने इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये



कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पात्र बनने का अवसर सर्वप्रथम सागर वालों को अवसर दिया है, बाद में बाहर वालों को, क्योंकि सागर का तीर्थ सागर वालों के लिये अधिक उपयोगी है। जैन मुनि और जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव नकली नहीं होता बल्कि असली का ही रूप होता है। जो असली पंचकल्याणक का स्वर्ग और मोक्ष रूप फल देता है। नकली काम करने वालों को नर्क और जेल जाना पड़ता है। आचार्य श्री ने कहा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव करने वाला सौधर्म इंद्र प्रतिष्ठा कारक के रूप में होता है। लेकिन पंचकल्याणक में बनाये जाने वाले सौधर्म इंद्र को क्रिया विधि का ज्ञान न होने से जैसे अदालत में पेरवी करने का ज्ञान न होने से वकील को खड़ा कर लिया जाता है वैसे ही प्रतिष्ठा का प्रतिष्ठा विधि का ज्ञान न होने से प्रतिष्ठाचार्य को वकील की तरह महोत्सव में खड़ा कर लिया जाता है। आचार्य श्री ने कहा बोलती बंद हो उसके पहले भगवान के नाम की एक बोली जरूर ले ना चाहिये। मुनि श्री गुरु दत्त सागर ने कहा सागर वालों को हमारे गुरुवर बहुत बड़ी धरोहर दे रहे हैं उसे संभालना आप सबका काम है। कार्यक्रम में नोएडा, आगरा, टूंडला, भोपाल, इंदौर, देवरी इत्यादि नगरों से भक्तगण पधारे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी राकेश भैया अलीगढ़, अजय भैया झापन, अंकित भैया वर्धमान कॉलोनी एवं पं. उदय चंद शास्त्री ने किया।

## संत निरंकारी मंडल ने मोती चूर नदी पर साफ-सफाई की



**बीना, देशबन्धु।** संत निरंकारी मिशन की मंडल शाखा बीना द्वारा मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तहत विशेष स्वच्छता अभियान रविवार को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक कटरा बड़ा मंदिर स्थित मोतीचूर नदी पर श्रमदान कर साफ सफाई की गई। संत निरंकारी मंडल शाखा बीना के मुखी अर्जुन सिंह नाहर के नेतृत्व में 60 से अधिक सेवादार सदस्य भाई-बहनों ने सुबह 7 बजे से मोतीचूर नदी के घाट पर एकत्रित होकर सर्वप्रथम प्रभु परमात्मा का सुमिरन किया और इसके बाद लगातार 3 घंटे तक बहुत ही सुंदरता से निष्काम भाव होकर सुबह 10 बजे तक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह नाहर ने बाबा हरदेव सिंह को याद करते हुये कहा कि बाबा जी ने अपने जीवन के अनमोल 36 वर्ष निरंकारी मिशन को दिये हम उनके बतायें मार्ग पर चलने का प्रयास करें बाबा जी कहते थे कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक है बाबा जी हमेशा प्यार की भाषा को ही बोलते थे की प्यार प्रभु से जोड़ नाता इंसा को भगवान करे, प्यार सजाता है गुलशन और नफरत वीरान करें। सभी की समय की सद्गुरु माता सुदीक्षा भी कहते हैं कि सेवा वही अच्छी होती है जो सेवा मर्यादा, निष्काम भाव और समर्पित भाव से की जाती है जानकारी देते हुये शाखा मीडिया प्रभारी श्रवण नाहर ने बताया कि स्वच्छता अभियान में नगर पालिका बीना के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर सेवादल संचालक केपी चौहान, पूर्व क्षेत्रीय संचालक यूके नाहर, सेवादल शिक्षक बसंत निरंकारी, विजय सुंदरानी, भीकम सिंह, राजाराम, घनश्याम पटेल, भगवान दास, राजू निरंकारी, रमेश निरंकारी, अरविंद, मुकेश समेत बड़ी संख्या में निरंकारी मंडल के सेवादार सदस्य शामिल हुये।

## संत गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती मनाई



**बीना, देशबन्धु।** रजक समाज द्वारा संत शिरोमणि गाडगे की 149 वी जयंती चंद्रशेखर वार्ड में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठों द्वारा संत गाडगे के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। समिति के उपाध्यक्ष रतन लाल रजक ने कहा कि महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा हमारे समाज के प्रेरणा पुंज हैं, ग्राम बरधा से आये माते खेमचंद रजक ने उनके बताये मार्ग एवं स्वच्छता के प्रति किये गये उनके कार्यों धरोहर के रूप में संजोकर समाज को अपनाने की अपील की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार माते ने कहा बाबा संत गाडगे आम साधुओं जैसे साधु नहीं थे वे पीड़ित मानवता के मसीहा थे। बाबा अपने कष्टों को भूलकर दीं‍न दुखियों की सेवा में लीन रहते थे। रोशन रजक ने कहा कि बाबा अपने भजन कीर्तन के माध्यम से कहा करते थे बिना शिक्षा के मत रहो शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा को ग्रहण करने का हर एक को अधिकार है और वह कहते थे संत समाज बोझ न होकर उसे तो समाज का हित साधक होना चाहिये। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को भी यही भावना बनाने की जरूरत है कि हम सब एक साधक ही है जो हर बदलाव के लिये सक्षम है। कार्यक्रम में संजय मालवीय, दिनेश रजक, मुकेश रजक, एड. राजेश रजक, खेमचंद रजक, धनीराम रजक, केशरी बाथरी, मंगेश रजक सहित अन्य शामिल हुये।

# कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कजली वन मैदान में संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** कजली वन मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की स्मृति में चल रही फुटबाल प्रतियोगिता के बीच रविवार को फरवरी माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट पिछले 25 वर्षों से आयोजित कराने वाले सुनील तोमर के द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सेवादल के प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा, जिला सेवादल प्रभारी शिवकुमार नीखरा रहे। इस दौरान टूर्नामेंट के आयोजक सुनील तोमर ने कहा कि बड़े गर्व की बात है सेवादल ने देशप्रेम की भावना से भरे ऐसे कार्यक्रम के लिये मुझे चुना। प्रदेश सेवादल प्रभारी मिश्रा ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की अनुशासनात्मक इकाई है, जो महाकुंभ में भी अपना पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को अपनी सेवायें प्रदान कर जनसेवा का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रवक्ता संदीप सबलोक और अवधेश तोमर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और महेश जाटव के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात् प्रदेश महामंत्री विजय साहू की अस्वस्थता के चलते उनकी कुशल क्षेम जानने प्रभारी गण उनके निवास पर गये। पश्चात् प्रदेश सेवादल प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा ने राजीव गांधी भवन, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सेवादल की बैठक ली जिसमें संगठनात्मक सुधार और विस्तार पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पप्पू गुप्ता, शैलेन्द्र तोमर, दीनदयाल तिवारी, हरिश्चंद्र सोनवार, मनोज पंवार, मुस्तान खान, नितिन पचौरी, अरविंद ठाकुर, कल्लू पटेल, आनंद हेला, प्रीतम यादव, मीना पटेल, अंकित यादव, अंकुर यादव आदि सम्मिलित हुये।

## वैदिक अध्ययन विभाग के जीतेन्द्र ने पहले प्रयास में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि की दूरदर्शी कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु कुछ नवीन विभागों का प्रारंभ पिछले अकादमिक सत्र में प्रारंभ किया था। उन विभागों ने एक ही वर्ष में फल देना प्रारंभ कर दिया। वैदिक अध्ययन विभाग के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चल रहा है, जिसका अभी केवल एक ही सेमेस्टर समाप्त हुआ। प्रथम सेमेस्टर के छात्र जीतेन्द्र सिंह दांगी ने पहले ही प्रयास में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर विवि में अध्यापन हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यता प्राप्त कर ली है। विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर शुक्ला ने जीतेन्द्र को बधाई देते हुये बताया कि इस विभाग की स्थापना के बाद से ही कुलपति इस नवीन विभाग के प्रति आशान्वित थी। विभाग के शिक्षकों डॉ. आयुष गुप्ता एवं डॉ. शिवानी खरे ने भी जीतेन्द्र को उनकी इस उपलब्धि हेतु बधाइयां दीं। जीतेन्द्र ने कहा कि अध्यापकों की लगन और माता-पिता के आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता अर्जित की। भारतीय ज्ञान परम्परा को पढ़ना अपने आप में एक गौरव का विषय है। संस्कृत और भारतीय दर्शन हमारी धरोहर है। अध्यापकों ने वेदों, प्राचीन शास्त्रों, दर्शन में निहित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, गणित भारतीय ज्ञान प्रणाली को इतने स्पष्ट रूप से समझाया कि यह विश्वास हुआ कि हमारे प्राचीन भारतीय ऋषियों ने इतने अद्भुत ज्ञान का सृजन किया। हम केवल पाश्चात्य अंधानुकरण के कारण अपने ऋषियों के योगदान को देख नहीं सके। भारतीय ज्ञान परंपरा में स्नातकोत्तर करने का निर्णय मेरे जीवन का एक उत्तम निर्णय है।

## महाकुंभ पर्व हमारी सनातन परंपरा है: पूरन सिंह राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** जो भी महाकुंभ स्नान करके आये हैं उन्हें शुभकामनाये प्रेषित करता हूं। महाकुंभ पर्व हमारी सनातन परंपरा है जो लाखों वर्षों से निरंतर जारी है यह आयोजन हमें एकता, अखंडता, न्याय, अनुशासन, त्याग, बलिदान, राष्ट्र सुरक्षा एवं व्यवस्था का संदेश देता है, विश्व बंधुत्व की सद्भावना, सदाचार, प्रेम, मैत्री, करुणा सत्य की विजय के संदेश और उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है इन उद्देश्यों को गंभीरतापूर्वक समझिये, विचार और मनन कीजिये, सनातन परंपरा में महाकुंभ विश्व को लाखों वर्षों से यह सब सीख दे रहा है। यह बात पूरन सिंह राजपूत ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1571 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 249वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने काव्य पाठ करते हुये संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से कवि देवकीनंदन रावत ने सस्वर भक्ति.भाव से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व सागर से मणिदेव ठाकुर ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुये समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुये तथा स्व. मणीकांत चौबे बेलिहाज को स्मरण करते हुये कहा कि कहा कि आज अगर वो होते तो सभी को महाकुंभ पर्व पर हिदायतें देते और नई नई रचनाओं के लेखन के लिये प्रेरित करते। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने समस्त उपस्थितों का आभार भी व्यक्त किया। गोष्ठी में काव्य पाठ के लिये खुरई से डॉ. राजेन्द्र मलैया नमन, टीकमगढ़ से राजेन्द्र चतुर्वेदी लाल, दीनदयाल तिवारी बेताल, दमोह से डॉ. पुष्पा चिले, पलामू डालटनगंज झारखंड से किरण राज, बड़ामलहरा से संजय तिवारी दिव्य, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन लाल, पृथ्वीपुर से संध्या साहू, सागर से डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया, अबरार अहमद अबरार, प्रभात कटारे, डॉ. सरोज गुप्ता, अनिल जैन, डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में एलएन चौरसिया, एड. केके सिलाकारी, पं. शुकदेव तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत बख्शी, रघुनंदन चिले, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र श्यामलम, डॉ. रागिनी सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

# महाशिवरात्रि पर विशेष, प्राचीन शिव धाम पटनेश्वर



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड के इस ऐतिहासिक शिव मंदिर में 100 साल से चली आ रही परंपरा का भगवान शिव के भक्तों को बेसब्री से इंतजार होता है। दरअसल रहली मार्ग पर ढाना के नजदीक पटनेश्वर मंदिर में भगवान शिव का विवाहोत्सव शुरू हो गया है। बुंदेलखंड की परंपरा अनुसार भगवान के तिलक के साथ विवाह समारोह शुरू हो चुका है। अब महाशिवरात्रि तक लगातार कोई ना कोई कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। महादेव के तिलक की परंपरा के बाद उनकी हल्दी और मेंहदी की रस्में भी निभाई जायेगीं। जहां तक पटनेश्वर मंदिर की बात कर, तो ये मंदिर करीब तीन सौ साल पुराना है और इस मंदिर को मराठा रानी लक्ष्मीबाई खैर ने बनवाया था। इस मंदिर से रामराम महाराज की किंवदंती भी जुड़ी है, जो भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। जहां तक भगवान शिव की बात करें, तो उनका विवाह महाशिवरात्रि के दिन होता है। लेकिन बुंदेलखंड के ऐतिहासिक पटनेश्वर मंदिर में भगवान महादेव का विवाह समारोह बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है और महाशिवरात्रि तक चलता है। खास बात ये है कि ये परंपरा करीब 100 साल पुरानी है और इसका उल्लेख गजेटियर में भी किया गया है। विवाह समारोह की परंपरा अनुसार सबसे पहले तिलक का कार्यक्रम होता है। जिस तरह किसी भी विवाह समारोह में सबसे पहले दूल्हे का तिलकोत्सव होता है, उसी तरह पटनेश्वर में भगवान महादेव का तिलकोत्सव होता है।

### पटनेश्वर मंदिर का इतिहास

मंदिर समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी के मुताबिक, सागर रहली मार्ग पर सागर से करीब 20 किमी दूर ढाना कस्बे के नजदीक प्राचीन और ऐतिहासिक पटनेश्वर मंदिर स्थित है। मंदिर का निर्माण सागर की मराठा रानी लक्ष्मीबाई खैर द्वारा



कराया गया था। उनके सपने में भगवान शिव आये थे, तब उन्होंने मंदिर का निर्माण करवाया। कहा जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई खैर काफी धर्मपरायण थी और उन्होंने सागर के साथ-साथ रहली में भी कई मंदिरों का निर्माण कराया था जिनमें हरसिद्ध मंदिर रानगिर, टिकीटोरिया मंदिर, पंढरीनाथ मंदिर और जगदीश मंदिर प्रमुख हैं। रानी लक्ष्मीबाई खैर मंदिरों के दर्शन के लिये अक्सर सागर से रहली जाया करती थीं, तो उनका काफिला ढाना के पास विश्राम के लिये रूकता था। इसी जगह पर रानी लक्ष्मीबाई खैर ने भगवान शिव का मंदिर स्थापित कराया था। आज इस मंदिर की पहचान पटनेश्वर मंदिर के नाम से है और यहां कई तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

### रामराम महाराज की तपोभूमि है पटनेश्वर धाम

इस मंदिर को रामराम महाराज की तपोभूमि भी कहा जाता है। यहां आज भी उनकी धूनी लगी हुई है। कहते हैं कि रामराम महाराज पटनेश्वर मंदिर के अनन्य भक्त थे और साथ में ढाना स्थित मिलेट्री कैंप में रहने वाली ब्रिटिश सेना के जवान भी थे। वो अपनी ड्यूटी के अलावा पूरा वक्त पटनेश्वर मंदिर में बिताते थे। कहते हैं कि एक बार मंदिर के पुजारी नहीं पहुंचे, तो रामराम महाराज भगवान शिव की पूजा अर्चना में जुट गये और ड्यूटी का वक्त भूल गये।

### सात दिन तक चलेगा मेला, महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन

भगवान शिव की विवाह परम्परा तिलक के साथ शुरू होती है। साथ ही रूद्र यज्ञ का शुभारंभ हो जाता है। दूसरे दिन महादेव का महाअभिषेक, तीसरे दिन भगवान शिव का सहस्त्र अर्जन और चौथे दिन महाआरती होती है। इसके बाद महाशिवरात्रि को भगवान महादेव का विवाह संपन्न होता है। बसंत पंचमी से लेकर महाशिवरात्रि के दिन तक बुंदेलखंड में होने वाले विवाहों की परंपरा, पटनेश्वर मंदिर में निभाई जाती हैं।

## औद्योगिक परिवर्तन की नई लहर, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा

# मध्य प्रदेश: भारत के औद्योगिक विकास का नया इंजन

मध्य प्रदेश एक नए औद्योगिक युग की ओर अग्रसर है। अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, निवेश-समर्थक नीतियों और मजबूत बुनियादी ढांचे के बल पर राज्य वैश्विक औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'मध्य प्रदेश में निवेश' की पहल के तहत बड़े पैमाने पर औद्योगिक परिवर्तन की नींव रखी गई है। क्षेत्रीय निवेश सम्मेलनों ने उद्योग दृष्टा निवेशकों और नीति-निर्माताओं को संवाद और सहयोग का मंच प्रदान कर औद्योगिक विस्तार, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है।

### क्षेत्रीय निवेश सम्मेलनों की सफलता

इन सम्मेलनों ने राज्य की औद्योगिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत कर निवेशकों के लिए आकर्षक संभावनाओं का द्वार खोला।

**उज्जैन निवेश सम्मेलन** : 12,170 करोड़ निवेश, 283 नई इकाइयाँ, 20,000+ नौकरियाँ, 2,100+ B2B मीटिंग्स, 1,00,000 करोड़ कुल निवेश प्रस्ताव।

**जबलपुर निवेश सम्मेलन** : 1,530 करोड़ निवेश, 67 नई इकाइयाँ, 4,560 नौकरियाँ, 700+ B2B मीटिंग्स, कुल निवेश प्रस्ताव 13,375 करोड़।

**ग्वालियर निवेश सम्मेलन**: 8,000 करोड़ निवेश, 47 नई इकाइयाँ, 35,000+ नौकरियाँ।

**शहडोल निवेश सम्मेलन** : 32,000 करोड़ निवेश, 102 नई इकाइयाँ, 31,000 नौकरियाँ, 402 हेक्टेयर औद्योगिक भूमि, 30 नई परियोजनाएँ।

**रीवा निवेश सम्मेलन**
4,000+ निवेशक, 2,680 करोड़ कुल निवेश प्रस्ताव।

**नर्मदापुरम निवेश सम्मेलन**
31,400 करोड़ निवेश, 40,000+ नौकरियाँ।

**सागर निवेश सम्मेलन**: 1,560 करोड़ निवेश, 5,900 नौकरियाँ।

**विविध औद्योगिक क्षेत्र** | मध्य प्रदेश औद्योगिक गतिविधियों के अलावा पर्यटन, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, आईटी/आईटीईएस और रक्षा व एयरोस्पेस क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में शीर्ष रैंकिंग, स्वच्छता में इंदौर की मिसाल और डिजिटल बुनियादी ढांचे की उपलब्धता इसे एक भरोसेमंद और स्थायी भागीदार बनाती है। मध्य प्रदेश निवेशकों को सिर्फ अवसर ही नहीं देता, बल्कि सफलता के लिए एक ठोस आधारशिला उपलब्ध कराता है।




### मध्य प्रदेश का वैश्विक निवेश नेटवर्क

मध्य प्रदेश ने अपने रोड शो के माध्यम से दुनिया भर में अपनी उपस्थिति मजबूत की। मुंबई रोड शो से 75,000 करोड़, दुबई से 60,000 करोड़, और अन्य प्रमुख केंद्रों—कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता व जर्मनी—से कुल 1,78,700 करोड़ का निवेश आकर्षित हुआ, जिससे 1,25,250 से अधिक नौकरियाँ बनीं। ये साझेदारियां राज्य के निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने के साथ ही इसे वैश्विक औद्योगिक ताकत के रूप में स्थापित कर रही हैं।

**औद्योगिक कायाकल्प**: 'मध्य प्रदेशमें निवेश' पहल के तहत राज्य भारत के सबसे तेजी से उभरते औद्योगिक केंद्रों में से एक बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में व्यवसाय-अनुकूल नीतियों, क्षेत्रीय सम्मेलनों और वैश्विक निवेशकों की सहभागिता ने राज्य के औद्योगिक विकास को नया आयाम दिया है।

अनंत संभावनाएं — इन्वेस्ट मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

### अंतरराष्ट्रीय निवेश के केन्द्र के रूप में उभरता मध्य प्रदेश

ब्रिटेन, जर्मनी, दुबई, मुंबई और अन्य प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में आयोजित रोड शो में निवेशकों ने 1.78 लाख करोड़ से अधिक की प्रतिबद्धताएँ जताईं। व्यापक लॉजिस्टिक्स योजनाएँ, उद्योग-विशेष क्लस्टर, स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ और त्वरित अनुमति प्रक्रियाएँ इसे निवेशकों के लिए आदर्श गंतव्य बना रही हैं। मध्य प्रदेश केवल निवेश आकर्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समावेशी, सशक्त और सतत औद्योगिक भविष्य की नींव रख रहा है। यह औद्योगिक विस्तार और नवाचार का नया दौर है, जहाँ राज्य अपनी अर्थव्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढांचे को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप विकसित कर रहा है।

### निवेश के अवसरों का महाकुंभ

मध्य प्रदेश न केवल सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि निवेश के विश्वसनीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। व्यापार-अनुकूल नीतियाँ, मजबूत बुनियादी ढाँचा और असीमित प्राकृतिक संसाधन इसे वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक बनाते हैं। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने इसे व्यापार और उद्योगों के लिए एक समर्पित पारिस्थिति की तंत्र में बदल दिया है। 5 लाख किलोमीटर सड़क नेटवर्क, 6 कॉमर्शियल हवाई अड्डे और औद्योगिक गलियारे यहाँ की सुदृढ़ लॉजिस्टिक्स क्षमता दर्शाते हैं। कृषि, खनन, आईटी, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश के अवसर इसे भारत के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में से एक बनाते हैं। यह केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि, नवाचार और दीर्घकालिक विकास का प्रवेश द्वार है। मध्य प्रदेश की विशेष प्रोत्साहन योजनाएँ, एकल-खिड़की अनुमोदन प्रणाली और श्रम सुधार व्यापारिक सपनों को साकार करने में सहायक हैं।

### यह अवसरों का कुंभ है, जहां निवेश की हर बूंद समृद्धि में बदलती है

## निवेश और संसाधन

**भौगोलिक स्थिति और लॉजिस्टिक्स** | 308,252 वर्ग किमी, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य 5000+ किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग | 550+ दैनिक ट्रेनें 6 वाणिज्यिक हवाई अड्डे | 6 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (240 लाख मीट्रिक टन भंडारण)

**औद्योगिक गलियारे** | दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा, चंबल प्रोग्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे भोपाल-इंदौर, जबलपुर-कटनी-सतना, ग्वालियर-शिवपुरी निवेश गलियारे


**औद्योगिक आधारभूत संरचना** | 73,015 हेक्टेयर औद्योगिक भूमि बैंक (19,011 हेक्टेयर विकसित) 322 औद्योगिक क्षेत्र, 14 ग्रीनफील्ड औद्योगिक क्षेत्र, 7 स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ

**प्राकृतिक संसाधन और खनिज भंडार** | भारत का सबसे बड़ा वन क्षेत्र (94,690 वर्ग किमी) कोयला, हीरा, तांबा, लौह अयस्क, मैंगनीज, ग्रेफाइट, भारत का अग्रणी जैविक कृषि उत्पादक (27 प्रतिशत योगदान)

**विशेष औद्योगिक क्षेत्र** | 6 फूड पार्क, 8 एकीकृत विकास केंद्र 4 आईटी एसईजेड, 1 परिधान पार्क, 1 बहुउद्देशीय एसईजेड

**ऊर्जा और जल आपूर्ति**
31 गीगावाट बिजली उत्पादन | 20 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा 1000 मिलियन क्यूबिक मीटर औद्योगिक जल उपलब्ध, 900 मिलियन क्यूबिक मीटर नर्मदा जल आरक्षित

**श्रम और नीतिगत सुधार**
महिलाओं को सभी शिफ्टों (24x7) में काम करने की अनुमति, ओवरटाइम सीमा 75 से बढ़ाकर 125 घंटे प्रति तिमाही, 61 रजिस्टर घटाकर 1 किया गया, छोटे अपराधों का गैर अपराधीकरण




**स्वच्छता और पर्यटन क्षमता** | भारत का सबसे स्वच्छ राज्य, इंदौर लगातार सबसे साफ शहर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, खजुराहो, सांची प्रमुख पर्यटन स्थल

**युवा उद्यमिता : नए अवसर** | मध्य प्रदेश में मध्यम उद्योगों और युवा उद्यमियों के लिए अवसर, मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास बड़े निवेशों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे और मध्यम उद्यमों (MSME) को सशक्त करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सरकार ने अनुकूलित नीतियों और वित्तीय सहायता पैकेज तैयार किए हैं, जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

**MSME और औद्योगिक विकास** | राज्य में 40 प्रतिशत तक औद्योगिक विकास सब्सिडी दी जा रही है, जिससे संयंत्र, मशीनरी और भवन निर्माण की लागत कम हो सके। सरकार रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को वित्तीय लाभ प्रदान कर रही है। MSME औद्योगिक पार्क, हरित औद्योगिकीकरण और ऊर्जा दक्षता योजनाओं के माध्यम से उद्यमों को मजबूत आधारभूत संरचना और वित्तीय सहायता दी जा रही है।

**युवा उद्यमिता और स्टार्टअप समर्थन**
मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 1 लाख से 50 लाख तक के ऋण आसान शर्तों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि युवा नौकरी तलाशने तक सीमित न रहें, बल्कि रोजगार सृजक बनें। स्टार्टअप नीति 2022 के तहत नवाचार-संचालित उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें टैक्स और लाइसेंस शुल्क में छूट, आसान रजिस्ट्रेशन, औद्योगिक भूमि और वित्तीय अनुदान की सुविधा उपलब्ध है।

**नवाचार और क्षमता निर्माण** | युवाओं के लिए उद्योग-विशेष प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब और मेंटरशिप प्रोग्राम उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें व्यवसाय स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे न केवल युवा सशक्त होंगे, बल्कि मध्य प्रदेश का MSME और स्टार्टअप इकोसिस्टम भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। यह पहल मध्य प्रदेश को केवल एक औद्योगिक केंद्र नहीं, बल्कि युवा नवाचार और मध्यम उद्योगों के विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**निवेश और समृद्धि का नया केंद्र** | मध्य प्रदेश सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का व्यापक परिदृश्य है। मजबूत बुनियादी ढांचे, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और निवेश-समर्थक नीतियों के कारण यह निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है।

**औद्योगिक आधारभूत संरचना**
राज्य में 73,000 हेक्टेयर से अधिक का औद्योगिक भूमि बैंक, 322 औद्योगिक क्षेत्र, 14 ग्रीनफील्ड औद्योगिक क्षेत्र, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और स्मार्ट सिटी परियोजनाएं मौजूद हैं। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा, चंबल प्रोग्रेस-वे और नर्मदा एक्सप्रेस-वे इसे व्यापार और लॉजिस्टिक्स के प्रमुख केंद्रों में स्थापित करते हैं।

**प्राकृतिक संसाधन और विनिर्माण** | खनन और विनिर्माण में असीम अवसर उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश भारत में कोयला, हीरा, लौह अयस्क और मैंगनीज का एक प्रमुख उत्पादक है। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 8 फूड पार्क और 15 मिलियन मीट्रिक टन वेयरहाउसिंग क्षमता इसे प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण हब बनाती है।

## प्रोत्साहन, पैकेज और सब्सिडी

### मेगा और बड़े उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन

- **निवेश प्रोत्साहन सहायता**: संयंत्र और मशीनरी में 40% तक पूंजी सब्सिडी।
- **रोजगार-आधारित प्रोत्साहन**:रोजगार सृजन पर 1.5 गुना पूंजी सब्सिडी।
- निर्यात-आधारित इकाइयों को 1.2 गुना पूंजी सब्सिडी।
- **हरित औद्योगीकरण सहायता**: अपशिष्ट प्रबंधन (ETP/STP) के लिए विशेष वित्तीय सहयोग।
- **बिजली दरों में छूट**: प्रति यूनिट 1 की रियायत।
- **इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सपोर्ट**: सड़क, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए अनुदान।

### स्टार्टअप्स और युवा उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

- **औद्योगिक विकास सब्सिडी**: संयंत्र, मशीनरी और भवन निर्माण पर 40% तक प्रोत्साहन सहायता।
- MSME इकाइयों को 25 करोड़ तक अनुकूलित वित्तीय पैकेज।
- ऑनलाइन GIS आधारित औद्योगिक भूमि आवंटन प्रणाली।
- **ब्याज सब्सिडी**: नए उद्योगों को कम ब्याज दरों पर वित्त पोषण।
- **एमएसएमई क्लस्टर विकास योजना**: औद्योगिक समूहों के लिए अतिरिक्त समर्थन।

- 1 लाख से 50 लाख तक के बिजनेस लोन पर ब्याज अनुदान।
- स्टार्टअप पॉलिसी 2022 के तहत टैक्स और लाइसेंस शुल्क में छूट।
- नवाचार और तकनीकी स्टार्टअप्स के लिए विशेष फंडिंग समर्थन।
- रजिस्ट्रेशन शुल्क और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में रियायत।

### उद्योग-विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन योजनाएं

- **टेक्सटाइल और परिधान**: ब्याज अनुदान, रोजगार सृजन प्रोत्साहन और प्रशिक्षण सहायता।
- **फार्मास्यूटिकल**: सकल आपूर्ति मूल्य (GSV) के आधार पर एक साल की स्टॉक मियाद।
- **खाद्य प्रसंस्करण**: 50% तक अतिरिक्त पूंजी सब्सिडी और पांच साल तक मंडी कर छूट।
- **आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स**: डेटा सेंटर और IT पार्क के लिए विशेष कर प्रोत्साहन।
- **रक्षा और एयरोस्पेस**: विनिर्माण इकाइयों के लिए भूमि और कर में विशेष रियायतें।

### मध्य प्रदेश बना औद्योगिक और आर्थिक क्रांति का केंद्र

# नीतियों से सशक्त, निवेश के लिए प्रतिबद्ध



मध्य प्रदेश सिर्फ एक निवेश गंतव्य नहीं, बल्कि व्यवस्थित नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बन चुका है। तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक संवर्धन, MSME और स्टार्टअप समर्थन, स्वास्थ्य और पर्यटन उद्योग के प्रोत्साहन, तथा अक्षय ऊर्जा में निवेश जैसी योजनाएं व्यवसायों को स्थिरता, प्रतिस्पर्धात्मक लाभ और सतत विकास का आश्वासन देती हैं। 40% तक पूंजीगत सब्सिडी, विशेष टैक्स रियायतें, भूमि और बिजली दरों पर छूट, सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी सुविधाएं उद्योगों को लंबे समय तक लाभदायक बनाए रखने में मदद करती हैं।

### स्वास्थ्य सेवा और मेडटेक

- **स्वास्थ्य निवेश प्रोत्साहन नीति** मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों को समर्थन।
- **पूंजीगत सब्सिडी**: 20% से 50%तक।
- **भूमि रियायतें और वित्तीय अनुदान** अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास के लिए।

पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी

- **पर्यटन नीति** – सतत पर्यटन विकास और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा।
- 100 करोड़+ निवेश वाली अल्ट्रा-मेगा परियोजनाओं को विशेष प्रोत्साहन।

**अक्षय ऊर्जा**

- **अक्षय ऊर्जा नीति 2022** – सौर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी एनर्जी स्टोरेज परियोजनाओं के लिए निवेश प्रोत्साहन।
- भूमि रियायतें, स्टांप ड्यूटी छूट, बिजली शुल्क माफी।

### नीतियों का संक्षिप्त अवलोकन

#### शिक्षा और कौशल विकास

- **तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास नीति**: उद्योग-समर्थित पाठ्यक्रम, डिजिटल शिक्षा और सतत सीख को बढ़ावा।
- **1,350+ प्रशिक्षण संस्थान** वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कौशल विकास।

**औद्योगिक विकास विनिर्माण**

- **औद्योगिक संवर्धन नीति** निवेश प्रोत्साहन, निर्यात लाभ, ब्याज सब्सिडी और ग्रीन इंडस्ट्रियल सपोर्ट।
- BIPA (Basic Investment Promotion Assistance) – 40 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी (7 वर्षों में)।
- **प्राथमिकता क्षेत्र**: खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, लॉजिस्टिक्स, आईटी, फार्मा।

आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स

- **आईटी, आईटीईएस और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं निर्माण (ESDM) नीति** डिजिटल इनोवेशन को बढ़ावा।
- **125 करोड़ तक का वित्तीय प्रोत्साहन** – डेटा सेंटर, ESDM यूनिट्स, टेक्नोलॉजी पार्क के लिए।
- महिला उद्यमियों के लिए विशेष सब्सिडी और अतिरिक्त अनुदान।

MSME और स्टार्टअप

- MSME विकास नीति – संयंत्र, मशीनरी और भवन निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।

# मध्य प्रदेश में भारत के औद्योगिक भविष्य की नई धारा

मध्य प्रदेश भारत के औद्योगिक परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। राज्य सरकार की क्षेत्रीय निवेश सम्मेलन श्रृंखला ने यह साबित कर दिया है कि औद्योगिक विकास केवल मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि निवेश को विकेंद्रीकृत कर हर क्षेत्र तक पहुँचाया जा रहा है। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में आयोजित सम्मेलनों से हजारों करोड़ का निवेश आकर्षित हुआ, जिससे लाखों रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके अलावा, मुंबई, दुबई, लंदन, जर्मनी, कोलकाता और बेंगलुरु में रोड शो के माध्यम से राज्य को एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा, चंबल प्रोग्रेस-वे और नर्मदा एक्सप्रेसवे जैसे प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स राज्य को लॉजिस्टिक्स और व्यापार का हब बना रहे हैं। राज्य में 73,000 हेक्टेयर से अधिक औद्योगिक लैन्ड बैंक, 322 औद्योगिक क्षेत्र और 14 ग्रीनफील्ड औद्योगिक क्षेत्र निवेशकों को तुरंत व्यवसाय स्थापित करने का अवसर दे रहे हैं। औद्योगिक संवर्धन नीति के तहत निवेशकों को 40% तक पूंजीगत सब्सिडी, निर्यात प्रोत्साहन, ब्याज सब्सिडी और ग्रीन इंडस्ट्रियल सपोर्ट मिल रहा है। MSME नीति के तहत छोटे और मध्यम उद्योगों को विशेष वित्तीय सहायता दी जा रही है। स्टार्टअप्स को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए 15 लाख तक की वित्तीय सहायता और महिला उद्यमियों को अतिरिक्त 20% प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में डेटा सेंटर, टेक्नोलॉजी पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को 125 करोड़ तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को 50% तक की पूंजीगत सब्सिडी दी जा रही है। अक्षय ऊर्जा नीति के तहत सौर, पवन और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए टैक्स और निवेश प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, जिससे मध्य प्रदेश भारत का हरित ऊर्जा केंद्र बन रहा है। फरवरी 2025 में आयोजित होने वाला "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" मध्य प्रदेश की प्रगति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का सबसे बड़ा मंच होगा।

### यहां निवेश सिर्फ अवसर नहीं, स्थायी समृद्धि है




D-19313/24

सागर, सोमवार 24 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अमेरिकी अपमान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी ठीक नहीं

जो भारतीय जनता पार्टी यूएसऐड से मिले 21 मिलियन डॉलर की मदद के नाम पर कांग्रेस को फंसाने का जाल बुन रही थी, अंततः उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फंस गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह बयान देकर मोदी को गम्भीर संकट में डाल दिया है कि 'यह राशि उनके मित्र मोदी और भारत को मिली है।' इसे लेकर जहां भाजपा के प्रवक्ताओं, उसके आईटी सेल और ट्रोल आर्मी को सांप सूंघ गया है, वहीं कांग्रेस अब हमलावर है। अब तक ट्रम्प के बयान की न तो भाजपा या केन्द्र सरकार ने पुष्टि की है और न ही खंडन, परन्तु अब गेंद सीधे मोदी के पाले में है। केवल उन्हीं की ओर से इस बाबत कोई बयान आने का महत्व होगा। ट्रम्प का यह बयान मोदी को केवल राशि मिलने तक सीमित न होकर अनेक अर्थ खोलता है। यह मामला कहां तक जायेगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा, लेकिन इससे मोदी बुरी तरह से घिरते साफ दिखाई देते हैं। इसका पहला संकेत तो यही है कि ट्रम्प के आरोपों का किसी के पास कोई जवाब नहीं है।

इस मामले के कई आयाम हैं। पहला यह कि कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास मोदी के विरूद्ध बहुत बड़ा मामला हाथ लग गया है। चूंकि मोदी ट्रम्प के साथ अपनी मित्रता का बार-बार दावा करते रहे हैं, इसलिये उनकी पार्टी तथा समर्थक यह आरोप भी नहीं लगा सकते कि उनके या भारत के खिलाफ कतिपय ताकतें काम कर रही हैं, जैसा कि ऐसे मामलों में अक्सर कह दिया जाता है। अमूमन इस तरह के आरोप लगने पर इसे 'विदेशी ताकतों का हाथ बताया जाता है' अथवा 'विपक्ष के इशारे पर रची जाने वाली साजिश'। अब तो उन पर दबाव है कि उन्हें खुद को पाक-साफ साबित करना है। ऐसा करने के लिये उन्हें ट्रम्प को झूठा साबित करना होगा। खुद के अलावा सभी विरोधी नेताओं को भ्रष्टाचारी करार देने वाले मोदी निरूत्तर हैं। भारत सरकार के ही वित्त मंत्रालय ने अपने रिकॉर्ड्स की छानबीन कर कह दिया है कि यूएसऐड की मदद से देश में 7 परियोजनाएं तो चल रही हैं परन्तु उनमें वोटर टर्नआउट बढ़ाने को लेकर कोई भी कार्यक्रम नहीं है। इससे यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या इस राशि को छिपाया गया है या किसी गलत तरीके से लिया गया है जिससे सीधे मोदी अथवा भाजपा को लाभ मिला है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे चिंताजनक बतलाते हुए कहा कि 'इसकी जांच हो रही है जिससे सच्चाई सामने आ जायेगी।'

इस राशि का प्रदाय 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के लिये किया गया है, अतः इसे पिछले दिनों हुए विभिन्न चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ने से जोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अनेक राज्यों के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के समय जो प्रतिशत होता था, वह अगले तीन-चार घंटों में बड़े पैमाने पर बढ़ जाता था। यह माना जाता है कि इसके कारण अनेक राज्यों में हारती हुई भाजपा को सरकार बनाने में मदद मिली थी। महाराष्ट्र में तो हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर के मतदाता पांच माह की अल्प अवधि में बढ़ गये। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी कहा जाता है कि भाजपा ने करीब 80 सीटें मैनेज कीं वरना वह सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। तो क्या यह 21 मिलियन की राशि इस तरह से 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के नाम पर खर्च की गयी जिससे भारत के कई चुनाव प्रभावित किये गये? यह प्रश्न भी उठ खड़ा हुआ है।

पिछले कुछ दिनों से मोदी व भारत के बारे में या उन्हें प्रभावित करने वाले बयानों की श्रृंखला में ट्रम्प ने बैलेट पेपर की भी बात छेड़ दी है जिसके बारे में अनुमान है कि उनका इशारा भारत की चुनाव प्रक्रिया की ओर ही है जो पिछले कुछ समय में जबर्दस्त विवादों में है। जिन चुनावों की बात ऊपर की गयी है, उनमें गड़बड़ियां और कथित हेरा-फेरी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से ही की गयी हैं। देश में इसका जबर्दस्त विरोध हो रहा है जबकि भाजपा, केन्द्र सरकार और उसके इशारे पर केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ईवीएम के जरिये ही चुनाव कराता है। कई विरोधी दल और सिविल सोसायटियां इसके खिलाफ़ हैं और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रही हैं। चुनाव आयोग तो इस पर विपक्ष की बात सुनने के लिये तैयार ही नहीं है, सुप्रीम कोर्ट से भी यह मांग नामंजूर हो चुकी है। दुनिया के ज्यादातर विकसित व लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व देश बैलेट पेपर से ही चुनाव कराते हैं। अमेरिका में भी यही प्रणाली अपनाई जाती है। देश में कई लोगों ने कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है लेकिन चुनाव आयोग का विचार इसके ठीक विपरीत है।

अब ट्रम्प ने उद्योगपति एलन मस्क को 'कम्प्यूटरों के मामले में किसी भी व्यक्ति से अधिक जानकार' बतलाते हुए उनके हवाले से कहा कि 'ईवीएम को प्रभावित किया जा सकता है इसलिये बैलेट पेपर के जरिये निर्वाचन पद्धति ही श्रेष्ठ है।' चूंकि फिलहाल इस पर विवाद सिर्फ भारत में ही चल रहा है, साफ है कि ट्रम्प का यह अप्रत्यक्ष आक्रमण मोदी पर ही है। भारत में अमेरिकी सामानों पर ऊंची शुल्क दरों को लेकर वे पहले ही कह चुके हैं कि भारत जितनी ऊंची दर लगायेगा, उनका देश भी भारत की वस्तुओं पर उतना ही टैरिफ रखेगा।

कुल मिलाकर अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार सार्वजनिक तौर पर भारत को अपमानित करने की चेष्टा कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी की इस मामले में असाधारण चुप्पी देश को इस समय काफी खल रही है।

# ट्रंप के खुलासों पर मोदी की चुप्पी क्यों ?

ट्रंप अच्छी दोस्ती निभा रहे हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी से! माय डियर फ्रेंड कह कह कर रोज नए खुलासे कर रहे हैं। अब चौथी बार 18 मिलियन डालर की बात कही।

कहां गया यह पैसा? किसके पास आया यह तो अब सवाल ही नहीं। प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने खुद कहा कि माय डियर फ्रेंड मोदी को दिया। मगर मोदी जी ने क्या किया? क्यों लिया? राहुल को बदनाम करने के लिए? राहुल ने खुद कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए भाजपा ने हजारों करोड़ रुपया खर्च किया। कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट के चेयरमेन पवन खेड़ा ने कहा कि 2021 से 2024 के बीच अमेरिका से 650 मिलियन डालर (करीब 600 करोड़ रुपया) भारत आया। और राहुल ने जो बात कही कि कितना पैसा उनके खिलाफ इस्तेमाल किया गया है वह इस बीच कही थी। 2022 में। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दौर में।

कांग्रेस ने मोदी सरकार से सही मांग की है कि सरकार को व्हाइट पेपर लाना चाहिए। मतलब सारे तथ्य देश के सामने रखना। यह भारत की छवि के लिए भी जरूरी है। प्रधानमंत्री पद के सम्मान और उसकी गरिमा के लिए भी। कोई चाहे वह अमेरिकी राष्ट्रपति ही क्यों न हो कैसे इस तरह की बात कर सकता है?

सवाल बहुत सारे हैं! लेकिन दो दिन से पूरी तरह चुप्पी है। पवन खेड़ा जो इस मामले में रोज नए सवाल कर रहे हैं, ने बहुत कठोर होकर कहा कि संघी पत्रकार अब क्यों नहीं बोल रहे हैं?

अपनी मेहनत और निडरता से जनता के बीच लोकप्रिय नेता के तौर पर स्थापित हो गए राहुल गांधी के साहसिक सवालों का असर अब पार्टी में दिख रहा है। सब तो नहीं मगर कई नेता हिम्मत के साथ संघ की सच्चाइयां लोगों के सामने लाते हैं। राहुल पर तो संघ और भाजपा के लोगों ने देश भर में दर्जनों मुकदमे लगा रखे हैं। मगर राहुल उनसे डरने के बदले मामलों के सारे तथ्य सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

अभी पूना की एक अदालत में सावरकर की मानहानि के मामले में राहुल ने कहा कि सावरकर के मामले में पूरे तथ्य अदालत के सामने आना चाहिए। तथ्य और कानून दोनों के जटिल सवाल हैं। गहन और विस्तृत जिरह की जरूरत है। ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। सब सामने लाना है। इसलिए मुकदमे की प्रवृति बदली जाकर इसे समन मामले के रूप में सुना जाए। सावरकर की ऐतिहासिक और अकादमिक जांच हो जाए। संक्षेप में समन मामले में राहुल यह बता सकेंगे कि उन्होंने जो कहा था वह क्यों कहा था। उसके आधार क्या थे। दस्तावेज कौन से हैं। इतिहास, तथ्य क्या कहता है। मतलब राहुल सावरकर के मामले में सारी सच्चाइयां सामने रख कर कह सकते हैं कि मैंने इस आधार पर सावरकर पर बोला था।

यह बहुत साहस का काम है। मुकदमे से डरना नहीं बल्कि उसका सामना करते हुए सारी सच्चाइयां सामने रख देना। यह मौका होगा। मुकदमा करने वाले संघ, भाजपा के लोग भी सावरकर के बारे में तथ्य रखें और राहुल कांग्रेस भी। एक बार अदालत के सामने सावरकर की सारी हकीकत कि कितनी बार उन्होंने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। उनके लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बदले पेंशन ली। सब सामने आ जाएगा। यह भी कि जो वीर कहते हैं। वह भी सावरकर खुद ही अपने नाम के साथ लिखते थे।

तो राहुल का यह साहस अब पार्टी में दिखने लगा है। अभी कुछ साल पहले तक इसी पार्टी में यह हालत थी कि राहुल विरोधी नेता नेहरू की बात करने पर कह देते थे हम नेहरुवादी नहीं।

कांग्रेस ऐसे ही बरबाद नहीं हुई है। यूएसएड के जरिए अमेरिका से आने वाला डालर मनमोहन सिंह सरकार को अस्थिर करने के लिए भी खर्च किया गया था। कांग्रेस यह तो कहती है कि वह पैसा अन्ना हजारे, संघ, भाजपा के नेताओं, केजरीवाल को मिला।

मगर इस सवाल का जवाब उसके पास क्या है कि सरकार तो उसकी थी। पैसा आया कैसे? बंटा कैसे? उसकी सरकार और नेता क्या कर रहे थे? क्या राहुल विरोध उस समय से शुरू नहीं हो गया था? क्या कुछ राहुल विरोधी कांग्रेस के बड़े नेता भी अंदर से अन्ना हजारे के आंदोलन के समर्थक थे? इन सवालों से कांग्रेस को घबराना नहीं चाहिए। अगर नई कांग्रेस बनाना है तो उन नामों की निशानदेही करना होगी जिन्होंने कांग्रेस और यूपीए सरकार में रहकर मनमोहन सिंह सरकार को कमजोर किया।

राहुल की असली परीक्षा है यह कि वह जिस ताकत से मोदी से लड़ रहे हैं उतनी ही हिम्मत से पार्टी के अंदर के विभीषणों की पहचान करें। सिर्फ अध्यक्ष खरगे जी से कहने से काम नहीं चलेगा कि खरगे जी चाबुक चलाइए। नाम लिखकर दें। फिर देखिए खरगे जो खुद इस समय बहुत साफ-साफ पार्टी, संगठन के बारे में लगातार बोल रहे हैं वह किस तेजी से सफाई करते हैं।



शकील अख्तर

> **राहुल की असली परीक्षा है यह कि वह जिस ताकत से मोदी से लड़ रहे हैं उतनी ही हिम्मत से पार्टी के अंदर के विभीषणों की पहचान करें। सिर्फ अध्यक्ष खरगे जी से कहने से काम नहीं चलेगा कि खरगे जी चाबुक चलाइए। नाम लिखकर दें। फिर देखिए खरगे जो खुद इस समय बहुत साफ-साफ पार्टी, संगठन के बारे में लगातार बोल रहे हैं वह किस तेजी से सफाई करते हैं।**

यह ऐतिहासिक मौका है। इस समय भी अगर राहुल और खरगे ने ऊपर-ऊपर ही काम किया तो पार्टी इससे मजबूत नहीं होगी। दोनों काम साथ करना होंगें। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को दरवाजे के बाहर तक ले जाकर छोड़ना होगा। और मजबूत विचारधारा के मौका न पाए नेता कार्यकर्ताओं को ढूंढकर संगठन में लाना होगा।

इतना पिटने के बाद भी आज कांग्रेसी गांव-गांव मोहल्ले-मोहल्ले में है। वह नहीं डरता। नेहरू-गांधी की विचारधारा से जुड़ा है। और इस गांधी-नेहरू परिवार से। यही कांग्रेस की ताकत है और कोई पार्टी होती तो अभी तक खत्म हो जाती। बड़े नेताओं ने तो कोई कसर छोड़ी नहीं। अभी भी शशि थरूर जैसे लोग जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया। मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री बनाया। जहां वे खर्च कम करने के लिए मंत्रियों को जहाज के सामान्य क्लास में बैठने की बात की ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं कि यह सामान्य क्लास तो कैटल क्लास (ढोरों का बाड़ा) है। केरल से पार्टी जिताती है। जो केरल की राजनीति नहीं जानते उनके लिए कि वहां कोई अपनी हैसियत से नहीं जीत सकता। पार्टी का संगठन ही उस पढ़े-लिखे राज्य में महत्वपूर्ण है। मेट्रो मेन कहलाने वाले श्रीधरन वहां हार गए थे। क्योंकि जिस पार्टी से लड़े थे भाजपा से उसकी जमीन नहीं है। थरूर को पार्टी जिताती है।

तो थरूर जैसे नेता जो ज्यादा उड़ते हैं चाहे जब मोदी की तारीफ करने लगते है उनसे कांग्रेस को डरना छोड़ना पड़ेगा। अमेरिका से आए डालर पर कांग्रेस सही सवाल उठा रही है। हर बात पर मोदी का बचाव करने आ जाते मीडिया वालों के पास ट्रंप के खुलासों का कोई जवाब नहीं है। रास्ता बस एक ही कि ट्रंप से लड़ जाएं! मगर इतनी हिम्मत न मीडिया में और न मोदी में है। यह तो इन्दिरा गांधी में थी। और उस समय की स्वतंत्र प्रेस में थी। तब के राष्ट्रपति निक्सन घबरा गए थे। कुंठित होकर गालियां बड़बड़ाने लगे थे।

कांग्रेस के कुछ लोग इस समय सही ट्रेक पर हैं। कहा कि जेपी आंदोलन के जरिए इन्दिरा को हटाने की साजिश इसीलिए अमेरिका ने की थी। इन्दिरा गांधी से बांग्लादेश बनाने का बदला लेने के लिए। कांग्रेस में जेपी आन्दोलन के समर्थक भी लोग हैं। लोहिया के भी जो हिन्दू महासभा की तरह अलग थलग पड़ी जनसंघ (भाजपा का पुराना नाम) को मुख्यधारा में लाए। केवल अपने अंध नेहरू विरोध के कारण।

डालर का मामला और ऐसे कई मामले अभी आते रहेंगे। कांग्रेस अगर मजबूत है तो जनता में इनका असर होगा। मैसेज जाएगा। नरेटिव (कहानी) बदलेगा।

कांग्रेस को दोनों मोर्चों पर साथ लड़ना होगा। मोदी वाले पर तो राहुल खरगे और कुछ दूसरे कांग्रेसी मजबूती से डटे हुए हैं। अंदर वाले पर कमजोरी है। अंदर के विभीषणों को कोई बाहर नहीं कर पा रहा है। वह बहुत जरूरी है। राहुल-खरगे की असली परीक्षा वही है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम

■ **डॉ. ज्ञान पाठक**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है, जिसके सामने अनेक चुनौतियां हैं। चुनाव अभियान के दौरान भाजपा ने बहुत से चुनावी वायदे दे रखे हैं जिन्हें पूरा करना एक बहुत ही कठिन कार्य है, और विपक्ष बहुत ही सतर्क और मजबूत है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार, जिसने 20 फरवरी को आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला, के पहले कैबिनेट फैसले और उस पर विपक्षी आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया से ही स्पष्ट हो गयी।

अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और पहली दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 14 लंबित रिपोर्टों को पेश करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार में महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के वायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन पाया गया कि लाभ पाने के लिए महिलाओं की श्रेणी तय करने के लिए और अधिक चर्चा की आवश्यकता है।

चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बहुत सारे वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है, जिनमें से सबसे प्रमुख वायदा दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये देने का था। दिये गये वायदों को पूरा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है, जैसा कि सरकार के पहले कैबिनेट फैसले में झलकता है।

आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर 'वायदा तोड़ने' का आरोप लगाया, जो आप नेतृत्व की सतर्कता को दर्शाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि आप दिल्ली चुनाव में भाजपा से केवल 1.99 प्रतिशत वोटों के अंतर से हारी थी, और इसलिए आप एक निराश पार्टी नहीं बन पाई है। हार ने उन्हें राजनीतिक रूप से अति सक्रिय बना दिया है, जो कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद आतिशी की त्वरित टिप्पणी में झलकता है। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को 'धोखा' देने का मन बना लिया है, आतिशी ने आरोप लगाया।

याद रहे कि हार के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा था, 'हम विनम्रता के साथ जनादेश स्वीकार करते हैं...और उम्मीद करते हैं कि भाजपा दिल्ली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी।' उन्होंने कहा कि आप एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी और दिल्ली के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। केजरीवाल ने अपने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और भाजपा को उनके चुनावी वायदों के लिए जवाबदेह बनाने को कहा है, जैसे कि 8 मार्च तक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देना, मुफ्त बिजली जारी रखना, गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूल बनाये रखना और मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी कहा है कि आप सुनिश्चित करेगी कि भाजपा इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करे और आप शासन के दौरान पिछले 10 वर्षों में किये गये कार्यों को जारी रखे। नयी भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट समिति की बैठक के नतीजों पर आतिशी के तीखे हमले को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।

शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता ने भी आरोपों का जवाब देते हुए कहा, 'कांग्रेस ने 15 साल और आप ने 13 साल राज किया। उन्होंने जो किया, उसे देखने के बजाय वे हमारे एक दिन पर सवाल कैसे उठा सकते हैं?... हमने शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन कैबिनेट मीटिंग की और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक रखा था। हमने पहले दिन दिल्ली के लोगों को 10 लाख रुपये का लाभ दिया।' देश में केवल दो राज्य थे जिन्होंने पीएम-एबीवाई (आयुष्मान भारत योजना) को लागू करने से इनकार कर दिया था और उनमें से एक आप के नेतृत्व वाली दिल्ली थी, इस आधार पर कि दिल्ली 1 करोड़ रुपये की चिकित्सा सुविधा दे रही थी, जबकि पीएम-एबीवाई केवल 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दे रही थी। आयुष्मान भारत को मंजूरी देने वाली दिल्ली कैबिनेट के दो घटक होंगे – 5 लाख रुपये केंद्र द्वारा और 5 लाख रुपये दिल्ली द्वारा, यानी कुल 10 लाख रुपये। दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश किये जाने के मामले में सीएम रेखा गुप्ता ने आप पर हमला करते हुए कहा कि 'उन्हें चिंता है कि जब सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जायेगी, तो बहुत से लोगों के रिकॉर्ड उजागर हो जाएंगे।'

'विकसित दिल्ली' के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, 'हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे।' इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।

> **'विकसित दिल्ली' के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, 'हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे।' इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।**

भाजपा नेतृत्व के पास आगे बहुत व्यस्त समय होगा। फिर भी, भाजपा के पास कुछ ऐसे फायदे हैं जो आप सरकार के पास नहीं थे। उदाहरण के लिए, दिल्ली सरकार के अधिकारी आप के मंत्रियों की भी नहीं सुनते थे, क्योंकि वे सीधे उपराज्यपाल के अधीन थे, अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अधीन। इसके कारण आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार का कामकाज बाधित हो रहा था। बदले हुए परिदृश्य में, जब दिल्ली और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है, उपराज्यपाल और उच्च सरकारी अधिकारी बहुत सक्रिय हो गये हैं, और अब दिल्ली के लिए काम कर रहे हैं, जबकि पहले वे आप सरकार के सामने बाधाएं खड़ी कर रहे थे।

सरकार और उनकी योजनाओं के बारे में भी यही कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में भाजपा सरकार के आने से पहले ही उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई का काम शुरू कर दिया है। वही उपराज्यपाल आप सरकार के खिलाफ़ एक विपक्षी पार्टी की तरह काम कर रहे थे – न केवल यमुना की सफाई के मुद्दे पर बल्कि यमुना से पीने योग्य पानी के मुद्दे पर भी, जो दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुख राजनीतिक मुद्दे बन गये थे।

इसका एक और उदाहरण दिल्ली के अधिकारियों की मुस्तैदी है, जो पहले भी आप सरकार और उसके मंत्रियों के सामने अवरोध पैदा करते रहे थे। भाजपा के शपथ लेने से दस दिन पहले ही दिल्ली के मुख्य सचिव ने 10 फरवरी को सभी विभागों से भाजपा के घोषणापत्र के आधार पर जहाँ भी ज़रूरत हो, वहाँ कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने को कहा है। उन्होंने सभी विभागों से 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा है।

इन लाभों के बावजूद, भाजपा के लिए आगे का समय कठिन होगा क्योंकि पार्टी के पास अपने करीबी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आप को दबाये रखने के लिए बहुत सारे वायदे पूरे करने हैं, बहुत सारे विकास कार्य करने हैं और सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करना है। दूसरी ओर, आप ने भाजपा सरकार के पहले दिन ही दिखा दिया है कि वे भाजपा सरकार को उसके वायदों और शासन के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए बहुत सक्रिय होंगे।

## आपके पत्र

### योजनाबद्ध कार्य किया जाना जरूरी

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा जी के जमुना तट पर आरती करने के बाद लोगों में नई उम्मीदें जगी हैं। लोगों को उम्मीद है कि अब दिल्ली के दुर्दिन खत्म होंगे और यमुना साफ होगी। इसके अलावा, शहर की अन्य समस्याओं का भी समाधान होगा।

इसके लिए रणनीतियों की आवश्यकता है। इसमें मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करना, टिकाऊ शहरी योजना को लागू करना, सार्वजनिक परिवहन, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट सिटी पहल के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से कुशल संसाधान प्रबंधन और जीवन की गुणवत्ता में सुधार में योगदान मिल सकता है। वर्तमान सरकार में इसमें बदलाव की उम्मीद है। अब शहरी निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जाना जरूरी है। दिल्ली की तरह ही, देश के लगभग सभी बड़े और मध्यम शहर कई समस्याओं से ग्रस्त हैं। कहीं सड़कें खराब हैं, तो कहीं अतिक्रमण व्याप्त है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, केंद्र सरकार को राज्यों और स्थानीय निकायों के साथ मिलकर एक कार्यबद्ध योजना तैयार करनी चाहिए।

इस योजना में सड़कों के निर्माण और मरम्मत, अतिक्रमण को हटाने और शहर की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाने चाहिए। इसके अलावा शहर के विकास के लिए एक दूरदर्शी योजना बनानी चाहिए जिसमें शहर की जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। शहरों में जलजमाव की समस्या भी एक बड़ा मुद्दा है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें वर्षा जल संचयन और सीवर लाइनों के निर्माण पर ध्यान देना होगा. शहरों के विकास के लिए हमें एक दूरदर्शी योजना बनानी होगी जिसमें शहर की जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। इसके अलावा, हमें सड़कों की स्थिति, जलजमाव की समस्या, और शहर की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाने होंगे।

**सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### एक हाथ से ताली नहीं बजती

*'किसी भी देश के विकास में उद्योगों का अपना महत्व है। उनके बिना आर्थिक तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन हर देश में कुछ नियम कानून भी होते हैं, जिनका पालन अनिवार्य रूप से करना होता है। अमेरिका में एनरॉन कंपनी ने कानून तोड़े तो कंपनी तो बंद हुई ही, उसके प्रवर्तकों को जेल भी जाना पड़ा। अमेरिका के अलावा अन्य पूंजीवादी देशों में भी कानून तोड़ने वाले उद्योगों के खिलाफ यथासमय कार्रवाई होती है, फिर भारत को ही इसका अपवाद क्यों बनाया जाए? हम तो समझते हैं कि फिक्की, एसोचेम, सीआईआई जैसे व्यापारिक संघों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने सदस्य प्रतिष्ठानों को देश के कानूनों का पालन करने प्रेरित करें और वे अगर कानून तोड़ें तो उनकी सदस्यता खत्म कर दें। हम यह न भूलें कि सरकार जब नियम और नीतियां बनाती हैं तो बहुत कुछ तो उद्योग-जगत से पूछकर ही तय किया जाता है।'*

*'आज जब कारपोरेट भारत कुमार मंगलम बिड़ला पर संभावित कार्रवाई को लेकर इतना चिंतित है तब उसे यह भी याद रखना चाहिए कि अपने चैनलों और अखबारों के माध्यम से उसने कांग्रेस व यूपीए नेताओं पर राजनैतिक ही नहीं, व्यक्तिगत तौर पर भी कितने बेबुनियाद आरोप लगाए हैं और राजनेताओं की छवि धूमिल करने का उपक्रम किया है। प्रधानमंत्री ने तो बिड़ला प्रकरण में अपने ऊपर जिम्मेदारी ले ली है और एक तरह से श्री बिड़ला को आरोप से बरी कर दिया है। क्या कारपोरेट इंडिया में यह साहस है कि वह प्रधानमंत्री से कहे कि आपके ऊपर हमने जो निराधार आरोप लगाए वे हम वापिस लेते हैं?'*

**(देशबन्धु में 24 अक्टूबर 2013 को प्रकाशित)**
https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/10/blog-post_23.html

## गुरवाणी विचार

### ऐसी बुद्धि करो मेरे साई सदा सदा तुध धिआई

जिनी ऐसा हरि नाम न चेतियो सो काहे जग आये राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है- नाम बिना बिरथा सब जाए।
हुनि वतै हरि नाम न बीजियो-अंगै भुखा किआ खाये मनमुखा नूं फिर जनम है- नानक हरि भाये।

आसा दीवार की शब्द की इन पंक्तियों द्वारा चौथे नानक गुरु रामदास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमें यह मानव जीवन हमारे पूर्व जन्म के किसी अच्छे कर्म के कारण प्राप्त हुआ है अतएव हमें इस मानव जीवन को व्यर्थ में ही सांसारिक विषय विकारों में फंस कर ही नहीं बिता देना है बल्कि इस मानव देही पाने का भरपूर लाभ उठाते हुए प्रभु में मन लगाकर पूर्ण रूप से उपयोगर करना है ताकि हमें फिर चौरासी लाख योनियों में पड़ने से छुटकारा मिल सके। हर वक्त सुखों की प्राप्ति होती रहेगी बल्कि परलोक में भी प्रभु की साची दरगाह में स्थान मिल सकेगा। जहां हर वक्त हमें परमानंद की प्राप्ति होती रहेगी। इसलिए गुरबाणी में हर जगह इसी बात की समझाइश दे रहे हैं-

हलति सुख पलति सुख सिमरनो सदा नाम हरि का लीजै।।

इस वाणी के आरंभ की पंक्तियों में हमें समझाइश दी गई है कि अगर हमने मानव जीवन पाकर भी प्रभु सिमरन बंदगी में मन नहीं लगाया तो फिर हमारा इस संसार में आना मानव जीवन पाना ही व्यर्थ है। ऐसे मानव को तो संसार में आना ही नहीं चाहिए। जो मानव जीवन पाकर भी प्रभु बंदगी में मन नहीं रमाता। फिर आप समझा रहे हैं कि समय रहते किसान अगर खेत में बीज नहीं बोता तो फिर वह फसल पाने की उम्मीद कैसे कर सकता है। बीज समय पर न बोने पर उसे कुछ भी मिलने वाला नहीं है। बबूल का पेड़ लगाकर आम की उम्मीद करेगा तो उसे आम खाने नहीं मिलेगा। सांसारिक मोह माया में मैं मेरी के चक्कर में पड़ा रहे तो फिर उसे प्रभु के सांचे दरबार में जगह नहीं मिलेगी। इसलिए समय रहते प्रभु बंदगी में मन लगाया तो मुक्ति मिलेगी। नहीं तो पीछे पछताने से क्या फायदा जब चिड़िया चुग गई खेत। इसलिए सच्चे सुख की प्राप्ति होते रहे रहे इसके लिए प्रभु बंदगी में अपना मन लगाए रखना है। हाथ पांव से काम कर चित्त निरंजन नाल।

अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करते हुए मन सदा निरंकार की ओर लगे रहना चाहिए। परंतु यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत होने पर ही हम पर पभु की दृष्टि हो जाए। हमें धर्मराज की कचहरी में यमदूतों की मार से भी छुटकारा मिल सकता है अतएव हम हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहेंगे।

तुम करो दया मेरे साईं ऐसी बुद्धि करो
प्रगासा सदा सदा तुध धिआई।।

अतएव हमें मानव देही पाने का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। प्रभु बंदगी में हमेशा मन लगाए रखना है तभी प्रभु के दरबार में उजले मुख से जा पाएंगे।

**-इंदर सिंहआहुजा**

मरणासन्न स्थिति में सड़क किनारे मिला था युवक,नागपुर चल रहा था इलाज

# युवक की मौत को लेकर परिजनों, ग्रामवासियों ने किया चक्काजाम

- दोषियों को पकड़ने को लेकर चौकी का किया घेराव, चौकी प्रभारी निलंबित
- एसडीओपी के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार को तैयार हुआ परिवार



**पन्ना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाली बराछ पुलिस चौकी मुख्यालय में 25 वर्षीय युवक राजा भईया उर्फ संजय बघेल की मृत्यु नागपुर में इलाज के दौरान हो गई। जिसके शव को लेकर परिवारजन अपने ग्राम बराछ पहुंचे। संदिग्ध अवस्था मे हुई मौत को लेकर परिवारजनों तथा ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा किया तथा चक्काजाम एवं चौकी का घेराव कर दिया। चार घंटे तक पन्ना गुनौर रोड पर जाम लगा रहा। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, एसडीओपी एसपी सिंह बघेल, पुलिस बल के साथ पंहुचे तथा शांति व्यवस्था बनाई गई। परिवारजनों को आश्वासन दिया कि मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी प्रभारी शिशिर मंडल को तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया गया है। एसडीओपी एसपी सिंह बघेल ने आश्वासन दिया कि संबंधित घटना में जो भी आरोपी होगा उसको किसी भी स्थिति में बख़्शा नहीं जाएगा। हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। तब जाकर प्रदर्शनकारियों एवं परिवारजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। ज्ञात हो कि विगत 12 फरवरी को संजय सिंह उर्फ राजा भईया मोटर साईकिल से पन्ना आया हुआ था,तथा वापिस नौ बजे बराछ के लिए चला गया था। लेकिन वह जब 12 बजे तक घर नहीं पंहुचा तो परिजनों ने उसको खोजा ,एवं सभी जगह मोबाईल भी लगाकर पता किया।

मृतक का मोबाईल भी बंद पाया गया। रात्रि को ही परिजनों द्वारा बराछ से लेकर पन्ना के सड़क के आस पास खोज की गई, लेकिन वह नहीं मिला तो बराछ चौकी पंहुचकर सूचना दी गई। जिस पर गुमशुदगी का मामला कायम किया गया।

दूसरे दिन सुबह 10 बजे मरणासन्न हालत में झलाई मोड़ के पास गड्ढे में संजय बेहोशी की हालत मे पड़ा मिला । जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय ला कर इलाज के लिए भर्ती किया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों द्वारा रीवा मेडिकल कालेज भेज दिया गया। तत्पश्चात् परिजनों द्वारा जबलपुर सतना में इलाज के बाद नागपुर ले जाया गया लेकिन उसके बावजूद भी कोई सुधार नहीं हुआ। 22 फरवरी को संजय की मृत्यु हो गई।

उक्त मामलें को लेकर परिजनों का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसकी हत्या की गई है। हमारे द्वारा लिखित में पुलिस को नाम भी दिये जा रहें है, लेकिन उसके बावजूद पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रहीं है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना मे लिया है।

# प्रेम विवाह से नाराज लड़की के परिवार ने लड़के के परिवार पर किया हमला

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अजयगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम विश्रामगंज में एक लड़के ने गांव के ही स्वजातीय लड़की से प्रेम विवाह कर लिया । प्रेम विवाह के बाद गांव मे ही बधाई कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान नाराज लड़की पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लवलेश कांदर पिता भोंदू कोंदरने गांव की ही रोशनी पिता सियाराम के साथ विवाह कर लिया ।

जिससे रोशनी के परिजन नारज थे । इसी बात को लेकर रोशनी के पिता तथा चाचा एवं अन्य परिजनों द्वारा लाठी डंडो से लड़के पक्ष के लोगों पर प्राण घातक हमला किया गया। जिसमें लडके के पिता,चाचा तथा मॉ एवं अन्य लोगो को चोटें आई



है। जिनका इलाज स्वास्थ केन्द्र अजयगढ़ मे चल रहा है। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है, पुलिस द्वारा मामला कायम कर विवेचना की जा रहीं है।

# कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न पत्र 1 मार्च 2025 को होगा। प्रश्न पत्र निर्धारित समय सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न पत्र 5 मार्च 2025 को होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा,निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाए।

परीक्षा की समय सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है।

# नगर में लगे कचरे के ढ़ेर, मवेशी खा रहे जहरीला कचरा, पालिका उदासीन



**पन्ना, देशबन्धु।** नगर पालिका पन्ना डस्ट बिन सहित घोषित है उसके बावजूद नगर में जगह जगह कचरों के ढेर लगें हुए है। बीच सड़क पर कचरा डाला जाता है, जिसे मवेशी खा कर बीमार हो रहें है। नगर के अनेक स्थानो की नालियां भी चोक है तथा उनमें कचरा भरा हुआ है। नगर पालिका के प्रत्येक वार्ड के लिए कचरा वाहन संचालित हो रहे है, उसके बावजूद चौराहो पर जगह जगह कचरो के ढेर लगें हुए है। जिससे दुर्गंध फैल रहीं है। नगर की साफ सफाई में प्रत्येक माह लाखों रूपये खर्च हो रहे है। लेकिन उसके बावजूद पूरे नगर में सफाई का भारी अभाव है। स्थानीय लोगों ने साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

# बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास के लिए करें कार्यवाही

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन द्वारा आगामी 31 मार्च तक बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास के लिए विशेष अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभियान में निरीक्षण एवं जनजागरण के तहत बाल तथा कुमार श्रम रैली, पोस्टर बैनर इत्यादि के माध्यम से जिले में विस्तृत प्रचार प्रसार गतिविधियां संपादित की जाएंगी। अभियान अंतर्गत बाल श्रमिक संभावित संस्थाओं फैक्ट्री, ढाबा,औद्योगिक क्षेत्र, होटल, दुकान सहित संगठित एवं असंगठित क्षेत्र जैसे खदानें, ईंट भट्टे, ऑटोमोबाइल, रेक पिकिंग, स्क्रेप मार्केट, ऑटो गैरेज एवं निर्माण क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण व पुनर्वास की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के तहत प्रावधानों के उल्लंघन पर दोषी नियोजकों के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में नोडल अधिकारी, बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी कोतवाली विशेष किशोर पुलिस इकाई पन्ना तथा अध्यक्ष सदस्य बाल कल्याण समिति से अभियान में आवश्यक सहयोग का आग्रह किया गया है।

# दीपक चौरसिया नें नीट परीक्षा पास की

**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना तंमोली के निवासी दीपक चौरसिया पिता शालिक़ राम चौरसिया के द्वारा नीट परीक्षा पास कर ली गई है। उन्होंनें प्रारभिंक शिक्षा पंडित शिव गोविंद हायर सेकंडरी विद्यालय सलेहा से ग्रहण की । नीट परीक्षा की तैयारी हिंदी साहित्य बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी भोपाल से की है तथा यहीं से पीएचडी भी हिंदी साहित्य से कर रहे हैं। उनकी उक्त सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है। जिसमें मुख्य रूप से भोपाल से डॉक्टर अच्छेलाल, परमानंद चौरसिया, राम आधार चौरसिया, राजा राम चौरसिया, सरपंच विश्वनाथ चौरसिया, रमाकांत चौरसिया आदि रहे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लगाएगी झांकी

**पन्ना, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना की ओर से 24 फ़रवरी दिन सोमवार से 28 फ़रवरी तक श्री जुगल किशोर जी के मंदिर में भव्य द्वादश ज्योर्तिलिंगम की झांकी लगाई जा रही है। ब्रम्हकुमारी सीता बहन जी ने नगर के लोगो से झांकी के दर्शन करने तथा धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# चांदपुर में युवक की हत्या का प्रयास, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के चांदपुर गांव में एक युवक की हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 12 घंटे के भीतर कार्रवाई की। घटना रविवार की है। 19 वर्षीय विद्या सागर पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि जगन्नाथ पटेल, उनके पुत्र पुष्कर और भैयालाल पटेल ने बाड़े का फाटक खोलने के विवाद में उसकी हत्या का प्रयास किया। आरोपियों ने रस्सी से उसका गला घोंटने की कोशिश की। एसपी पंकज कुमार पांडेय के निर्देशन में एडिशनल एसपी कमलेश खरपुसे और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम बनाई गई। थाना प्रभारी संदीप चौरसिया के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में 50 वर्षीय जगन्नाथ पटेल, उनके 30 वर्षीय पुत्र पुष्कर पटेल और 45 वर्षीय भैयालाल पटेल शामिल हैं।

# छात्रावास की बेटियों को बनाया जा रहा आत्म निर्भर

**पन्ना, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास गुनौर की बेटियाँ आत्मरक्षा की कला में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। समाज में बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में फ़िटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, मार्शल आर्ट क्लासेस, और शोतोकाई कराते संघ पन्ना के सहयोग से शासन के आदेशानुसार कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास जागृत करना और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने बताया कि छात्रावास की छात्राएँ आत्मरक्षा के प्रति बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि छात्राएँ पूरी




लगन और समर्पण से आत्मरक्षा की कला सीख रही हैं। यह न केवल उनकी सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाएगा। प्रशिक्षण में छात्रावास की वार्डन श्रीमती संदीप्ति सिंह ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा-छात्राएँ पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण ले रही हैं। सेंसाई इरफान खान और उनकी टीम का समर्पण प्रशंसा के योग्य है। यह प्रशिक्षण न केवल शारीरिक मजबूती दे रहा है, बल्कि मानसिक दृढ़ता भी विकसित कर रहा है। प्रशिक्षण सत्र में सेंसाई इरफान खान के साथ कई अनुभवी प्रशिक्षकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनमें प्रमुख रूप से महिला प्रशिक्षक सेंसाई हर्षिता विश्वकर्मा, सेम्पाई पीयूष विश्वकर्मा,सेम्पाई अनिकेत श्रीवास्तव, सेम्पाई सैफ उल्ला, रीना देवी लोध, अनमोल सेन,रचित अहिरवार और रूपनारायण यादव इन सभी प्रशिक्षकों ने अपनी विशेषज्ञता से छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों में निपुण बनाया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वार्डन श्रीमती संदीप्ति सिंह और सहायक वार्डन श्रीमती उमा शुक्ला आदि उपस्थित रहें।

# प्रशासन की कार्रवाई, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के रास्ते से हटाया अतिक्रमण

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** तहसील मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर स्थित उदयपुर में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के समीप प्रशासन ने रविवार को कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन और पंचायत की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से यह कार्रवाई की। 26 फरवरी को लगने वाले महाशिवरात्रि मेले को देखते हुए यह कदम उठाया गया। हर साल मेले में लाखों श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। प्रशासन ने मार्ग के दोनों ओर बने अस्थाई ढांचों को तोड़ा। साथ ही मुरादपुर जाने वाले मार्ग पर बने स्थाई अतिक्रमण भी हटाए गए। एसडीएम विजय राय ने बताया कि इस कार्रवाई से पहले अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिए गए थे। मुनादी भी की गई थी।

कुछ दिन पहले अतिक्रमण की सीमा रेखा भी खींची गई थी, लेकिन किसी ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार संदीप जयसवाल समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 14838993L RANK HAV/MT NAME PATIL SUNIL APPA SERVING IN 536 ASC BN RAPID STRIKE C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - MHAKAVE , PO - MHAKAVE, TEH - KAGAL , SUB DIST - KAGAL , DIST - KOLHAPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 416216 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM SHREYA TO SHREYA SUNIL PATIL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 24/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SAVINA KACHHAP IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO 18003006F RANK HAV NAME PRAKASH ORAON SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - MANJHI TOLI , PO - BUNDU , TEH - BUNDU , DIST - RANCHI , STATE - JHARKHAND, PIN CODE - 835204 HAVE CHANGED MY NAME FROM SAVINA KACHHAP TO SAVINA KUMARI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 24/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर (म.प्र.)

क्र/निविदा/2025/617 सागर दिनांक 19/02/2025

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओ की साफ सफाई हेतु मानव संसाधन (सफाईकर्मी) उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी का चयन ऑनलाईन निविदाये पंजीकृत प्रदायकर्ताओ से आमंत्रित की जाना है। विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म नीचे दिये गये समय सारणी अनुसार म.प्र.शासन के ई-पोर्टल https://mptenders.gov.in से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है निविदा के संबंध में जो संशोधन किया जावेगा उसका प्रकाशन केवल पोर्टल पर ही किया जावेग

| S.. No | Particulars | Date |
|---|---|---|
| 1 | DOCUMENT DOWNLOAD/SALE START DATE | 21.02.2025 |
| 2 | PRE-BID MEETING DATE | 28.02.2025 |
| 3 | BID SUBMISSION START DATE | 21.02.2025 |
| 4 | BID SUBMISSION END DATE | 17.03.2025 |
| 5 | TECHINCAL BID OPENING DATE | 18.03.2025 |
| 6 | FINANCIAL BID OPENING DATE | After Technical Bid |

**नोट**- आकस्मिक अवकाश दिवस की स्थिति में अगले दिवस को मान्य किया जावेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला सागर ( म.प्र. )**

**जी-23404/24**

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , SARIKA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4579862Y RANK HAV NAME WANKHADE KIRAN BAPURAO UNIT 20 MAHAR PRESENTLY SERVING IN MRC SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - SHIVAPUR, POST OFFICE - KANHERI SARAP ,TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444001 HAVE CHANGED MY NAME FROM SARIKA TO SARIKA KIRAN WANKHADE AND CHANGED MY DOB FROM 12/12/1988 TO 31/12/1988 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , BAPURAO IS FATHER OF ARMY NO - 4579862Y RANK HAV NAME WANKHADE KIRAN BAPURAO UNIT 20 MAHAR PRESENTLY SERVING IN MRC SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - SHIVAPUR, POST OFFICE - KANHERI SARAP ,TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444001 HAVE CHANGE MY NAME FROM BAPURAO TO BAPURAO TUKARAM WANKHADE AND CHANGED MY DOB FROM 20/04/1966 TO 01/01/1966 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 14838993L RANK HAV/MT NAME PATIL SUNIL APPA SERVING IN 536 ASC BN RAPID STRIKE C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - MHAKAVE , PO - MHAKAVE,TEH - KAGAL , SUB DIST - KAGAL , DIST - KOLHAPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 416216 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM AYUSH TO AYUSH SUNIL PATIL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 24/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4579862Y RANK HAV NAME WANKHADE KIRAN BAPURAO UNIT 20 MAHAR PRESENTLY SERVING IN MRC SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - SHIVAPUR, POST OFFICE - KANHERI SARAP ,TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444001 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM SHREYA TO SHREYA KIRAN WANKHADE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , SMT VARSHA LAHANE IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4581525H RANK LHAV NAME LAHANE AMAR GULABRAO PRESENTLY RESIDING AT VILL & POST - MANGRUL NAVGHARE ,TEH - CHIKHALI , DIST - BULDHANA, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444301 HAVE CHANGED MY NAME FROM SMT VARSHA LAHANE TO LAHANE VARSHA AMAR IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , SINDHU IS MOTHER OF ARMY NO - 4579862Y RANK HAV NAME WANKHADE KIRAN BAPURAO UNIT 20 MAHAR PRESENTLY SERVING IN MRC SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - SHIVAPUR, POST OFFICE - KANHERI SARAP ,TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444001 HAVE CHANGED MY NAME FROM SINDHU TO SINDHUBAI BAPURAO WANKHADE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/02/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

## कार्यालय कलेक्टर एंव पदेन उप सचिव, म.प्र. शासन राजस्व, विभाग छतरपुर

प्रकरण क्र. 0003/31-82/2024-25 छतरपुर, दिनांक 07/02/2025

**प्रारंभिक अधिसूचना**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना हैं। अत: 'भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र0 30 सन् 2013)' की धारा-11 की उप धारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि नैगुवां लघु सिंचाई तालाब योजना हेतु राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-11 एवं 12 की दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:-

अनुसूची
भूमि का वर्णन

| जिला | तहसील | ग्राम | लगभग क्षेत्रफल (हे.में) | धारा 11 की उपधारा (1) एवं 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनकि प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| छतरपुर | छतरपुर | नैगुवां | 18.150 | अनुविभागीय अधिकारी (रा0) एवं भू-अर्जन अधिकारी, छतरपुर | नैगुवां लघु सिंचाई तालाब योजना निर्माण हेतु। |

भूमि का नक्शा एवं (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी छतरपुर के कार्यालय में किया जा सकता हैं।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**( पार्थ जैसवाल )**
**कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला छतरपुर.**

**जी-23420/24**

## कार्यालय, कलेक्टर जिला छतरपुर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

प्र.क्र. 0037/अ-82/2023-24 छतरपुर, दिनांक 06/10/2024

**उद्घोषणा**

चूकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि के अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भूमि-अर्जन पुनर्वास और पुनर्वव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क. 30 सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके लिये यह घोषित किया गया है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता ह:-

**अनुसूची**

1. भूमि का वर्णन
(क) जिला छतरपुर (ख) तहसील छतरपुर
(ग) नगर / ग्राम-बछरौनिया (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.21500

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम/पिता/पति का नाम/पता | खसरा नम्बर | अर्जित रकवा हे. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामकुमार पुत्र मुलुवा जाति अहीर पता बछरौनिया छत्तरपुर | 255 | 0.1500 |
| 2 | मुन्नीलाल पुत्र जमना जाति अहीर, पप्पू पुत्र जमन जाति अहीर, संतोष पुत्र जमना जाति अहीर, जशोदा बेवा जमना जाति अहीर पता बछरौनिया छतरपुर (बिक्रय से प्रतिबंधित) | 384 | 0.0080 |
| 3 | चित्रकोटी पुत्र हरदास जाति अहीर, रामस्वरूप पुत्र हरदास जाति अहीर, रम्मू बेवा हरदास जाति अहीर पता बछरौनिया छतरपुर | 395/1 | 0.0570 |
| | योग:- | किता 03 | 0.2150 |

2. नैगुवां लघु सिंचाई योजना के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। 3 . भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छतरपुर के कार्यालय में किया जा सकता है ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**( पार्थ जैसवाल )**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,**
**म.प्र. शासन, राजस्व विभाग जिला-छतरपुर ( म.प्र. )**

**जी-23421/24**

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा
विकास की नई गाथा

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## उद्घाटन

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



CII Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 | प्रात: 10:00**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP www.investmp.in

D-11195/24 मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

CII Confederation of Indian Industry

EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

**उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025**

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रुफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11195/24

## सार समाचार

### भाजपा ने 1103 पोलिंग बूथ पर सुनी मन की बात

**गुना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के 1103 पोलिंग बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 119वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। पीएम ने इसरो की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर अपना सोशल एकाउंट महिलाओं को समर्पित करने की बात कही। कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार कैंट क्षेत्र के पोलिंग बूथ क्रमांक 152 पर कार्यकर्ताओं सहित मौजूद रहे। उनके निर्देशन में पोलिंग बूथ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की मन की बात सुनी।

### दुबई सिटी की थीम पर लुभा रहा है गुना कार्निवल मेला



**गुना, देशबन्धु।** शहर के दशहरा मैदान पर गुना कार्निवल मेला (मीना बाजार) लगाया गया है। मेले की साज-सज्जा दुबई सिटी की थीम पर सजाया गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेला मीना बाजार में गगन चूमती इमारतें, झूले, शॉपिंग के लिए विभिन्न संस्थान, स्वादिष्ट व्यंजनों के चलते लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। गुना कार्निवल मेला में वैसे तो अनेक संस्थान और स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए, लेकिन झूला झूलने के शौकीनों के लिए खास है। 65 फीट टॉवर वाला झूला जो आसमानों से बातें कर रहा है। इसे झूलने वाले लोगों का अनुभव बेहद खास रहता है। कार्निवल मेला में एक बार प्रवेश करने के बाद लोग यहां ऐसे खो रहे हैं कि बाहर निकलने का मन ही नहीं कर रहा है। कुल मिलाकर गुना का यह कार्निवल मेला पिछले तमाम मेला और आयोजनों को पीछे छोड़ रहा है। मेले का समय रोजाना दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक रखा गया है।

### अंडरपास बनवाने हेतु दिग्विजय ने लिखा रेल मंत्री अश्विनी को पत्र

**गुना, देशबन्धु।** जिले के ग्राम आवन में बार-बार रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दुर्घटना का अंदेशा भी हो जाता है। ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। दिग्विजय ने रेल मंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उन्हें सांसद प्रतिनिधि और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने आवन के लोगों की समस्या से अवगत कराया है और पत्र लिखकर अंडरपास बनवाने की मांग की है। दिग्विजय ने बताया कि रुठियाई-मक्सी रेल लाइन पर राघौगढ़ और कुंभराज रेल स्टेशनों के बीच आवन गांव स्थित है।

इसी गांव में हनुमान मंदिर से महज 30 कदम दूरी पर रेल फाटक है। ट्रेनों का आवागमन होने पर रेल फाटक बंद हो जाता है, जिससे वाहनों की कतार लग जाती है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि रेल फाटक के स्थान पर रेलवे अंडरपास बनाया जाए, जिससे आवागमन में हो सके और अज्ञात दुर्घटना का भय भी समाप्त किया जा सके। दिग्विजय सिंह ने रेल मंत्री से अपेक्षा जताई है कि वे उनके पत्र पर तुरंत संज्ञान लेंगे और आवन गांव में जल्द से जल्द रेलवे अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा।

---

शिवालयों में रंग रोगन और सजावट का कार्य जारी

# महाशिवरात्रि की तैयारियों में जुटा शहर, लगेंगे मेले, निकलेगी पालकी यात्रा

**गुना, देशबन्धु।** भगवान भोलेनाथ की भक्ति का पर्व महाशिवरात्रि इस बार 26 फरवरी को मनाया जाएगा। महा उत्सव के लिए जिले में तैयारियों का सिलसिला जारी है। इस बार शिवालयों को खास साज-सज्जा से सजाया जा रहा है। महादेव के मंदिरों में रंग-रोगन किया जा रहा है। प्राचीन स्थलों पर मेला आयोजन की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। आयोजनों की संख्या इतनी ज्यादा है कि महा शिवरात्रि पर हर जगह भोले के जयकारें गुजरते नजर आएंगे।

बता दें कि महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर गुना जिले के प्राचीन स्थलों पर तीन दिवसीय मेला लगाया जाता है। हालांकि इस बार केदारनाथ का प्राचीन मंदिर मेले की मेजबानी नहीं कर पाएगा। लेकिन अन्य शिवालयों पर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। सामाजिक समितियां भी भोलेनाथ की भक्ति के पर्व को अनोखे अंदाज में मनाने की तैयारियां कर रही हैं। शिवालयों को पारम्परिक रंगों के साथ-साथ बिल्व पत्र से भी सजाया जा रहा है। इसके अलावा हल्दी, चंदन और कुमकुम भी महादेव के ऊपर जमकर बरसेगा। जिन मंदिरों में दिनभर आयोजन होंगे, वहां कार्यक्रम की मेजबानी के लिए युवाओं की टोलियां पहले ही गठित कर दी हैं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़ेगा।



**इन जगहों पर लगेंगे मेले :** महाशिवरात्रि के मौके पर इस बार गुना की गादेर गुफा, मुहालपुर, चांचौड़ा स्थित बाघ-बागेश्वर धाम पर बड़े मेलों का आयोजन किया जाएगा। गादेर गुफा नेशनल हाइवे के नजदीक स्थित है। इसलिए यहां भीड़ अधिक रहने की संभावना है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन मेले में भीड़ नियंत्रण के विशेष प्रयास करेगा और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसी तरह मुहालपुर मंदिर प्रांगण के कुंड में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। चांचौड़ा में नगर परिषद द्वारा हमेशा की तरह बाघ-बागेश्वर मंदिर पर तैयारियों की कमान संभाली गई है। इसके अलावा गुना के टेकरी सरकार मंदिर पर विराजमान भगवान भोलेनाथ के मंदिर में भी भीड़ उमड़ने की संभावना है। जिसके चलते यहां भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे और टेकरी ट्रस्ट भी श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम करेगा।

**केदारनाथ पर नहीं होगा आयोजन :** महाशिवरात्रि पर इस बार भक्तों को भगवान केदारनाथ के दर्शन नहीं हो सकेंगे। दरअसल, पिछले साल की तरह इस बार भी इस परिसर को बंद रखा गया है। इसकी वजह इस प्राचीन स्थल की भारी-भरकम दीवारों का क्षतिग्रस्त होना है। आशंका है कि भीड़ के चलते केदारनाथ परिसर के आसपास की दीवारें दरक सकती हैं और कोई हादसा भी हो सकता है। लिहाजा जिला प्रशासन ने मंदिर को बंद रखने का निर्णय लिया है। हालांकि कई श्रद्धालु चाहते हैं कि मंदिर परिसर को खोला जाएगा। लेकिन श्रद्धालुओं की सुविधा और जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

**पठार मोहल्ला से निकलेगी पालकी यात्रा :** महाशिवरात्रि के मौके पर इस बार भी पठार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से विशाल पालकी यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। पठार मोहल्ला से प्रस्ताव पालकी यात्रा गुना के हनुमंता मंदिर, ख्यावदा चौराहा, जयस्तम्भ चौराहा, हनुमान चौराहा सहित शहर के सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी और पठार मोहल्ला स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर ही यात्रा का समापन होगी। आयोजकों के मुताबिक पालकी यात्रा में शिवभक्तों की टोलियां, भजन मंडलियां, ढोल-नगाड़े के धुन पर नाचते श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बता दें कि पठार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से लगातार पांचवें साल पालकी यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

**गढ़ा के धुंध पालेश्वर महादेव से निकलेगी पालकी यात्रा :** शिवरात्रि के अवसर पर ग्राम गढ़ा में धुंध पालेश्वर महादेव की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। गढ़ा में जिले की प्राचीन शिव गुफा स्थित है। यहां हर साल महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। बीते साल 2024 में श्रद्धालुओं द्वारा पालकी यात्रा की शुरुआत की थी। इस बार भी आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। पालकी यात्रा शाम 5 बजे पूजा-अर्चना के बाद धुंध पालेश्वर महादेव शिव गुफा से शुरु होगी, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए दोबारा गुफा स्थल पर पहुंचेगी।

---

पुलिस को चोरों ने दी चुनौती

## एसएएफ परिसर में एसआई के घर से लाखों के आभूषण चोरी



**गुना, देशबन्धु।** शहर में चोरों ने इस बार अति सुरक्षित माने जाने वाले एस.ए.एफ. के आवासीय परिसर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बटालियन में पदस्थ एक उप निरीक्षक के घर बदमाशों ने धावा बोला और लगभग 8 लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब घर में कोई नहीं था। चोरों ने इसका फायदा उठाया और सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देने का दुस्साहस कर दिया है।

चोरी की सनसनीखेज वारदात 22 फरवरी की दोपहर करीब एक 1 बजे एस.ए.एफ. कॉलोनी में रहने वाले उप निरीक्षक धनसिंह भील के घर में घुसकर बदमाशों द्वारा अंजाम दी गई है। बताया जा रहा है कि धन सिंह भील इन दिनों राजगढ़ पुलिस लाइन में पदस्थ हैं। शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे उनकी पत्नी अपना उपचार कराने के लिए डॉक्टर की क्लीनिक गई थी। इसी दौरान लगभग 1 बजे 3 बदमाश सक्रिय हुए और इनमें से दो घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। बदमाशों ने घर में रखें लगभग 7 तोला सोने के आभूषण और एक किलो चांदी उठाई और उसी खिड़की से वापस लौट गए। इस दौरान एक बदमाश रेकी कर रहा था कि कहीं घर के लोग वापस न आ जाएं। बताया जा रहा है कि बदमाशों को घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है, लेकिन उनके चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे हैं। वारदात का खुलासा उस समय हुआ जब एसआई धनसिंह की पत्नि वापस लौटीं। उस समय घर का सामान उथल-पुथल देखकर उन्हें शक हुआ। एसआई धन सिंह भील ने घटना की जानकारी कैंट पुलिस को दी है। पुलिस ने मौका मुआयना किया है और सीसीटीवी फुटेज एकत्रित कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। हालांकि एस.ए.एफ. जैसे सुरक्षित माने जाने वाले परिसर में चोरी की इस सनसनीखेज वारदात ने पुलिस की टेंशन बढ़ा दी है। पुलिस चोरों को तलाश करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है। घटना की खबर आसपास के क्षेत्र में फैल चुकी है। शादी-विवाह का सीजन होने की वजह से लोग चिंतत नजर आ रहे हैं।

---

## संत गाडगे महाराज ने सिखाई स्वच्छता की सीख



**गुना, देशबन्धु।** देश-दुनिया को स्वच्छता की सीख देने वाले महान संत गाडगे जी महाराज की जयंती कई सामाजिक संगठनों द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर चल समारोह भी निकाला गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

संत गाडगे जी महाराज की 149वीं जयंती पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के नेतृत्व में रजक समाज बंधुओं ने भव्य चल समारोह निकाला। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने हनुमान चौराहा स्थित सत्संग भवन पर एकत्रित होकर खीर का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेंद्र तिवारी द्वारा संत गाडगे जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। कार्यक्रम में महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनीष रजक ने संत गाडगे जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। जिला प्रभारी नारायण लाल रजक ने बताया कि संत गाडगे महाराज देश के प्रथम कानून मंत्री और संविधान के रचियता डॉ. अम्बेडकर को अपना गुरु मानते थे। कार्यक्रम में कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष आलोक नायक, इंटक प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव, रजनीश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ सहित नरेंद्र कुमार वास्त्री, अनूप आखरे, दिवाकर आखरे, सचिन भड़ेरिया और अन्य समाजबंधु मौजूद रहे। संत गाडगे जी की जयंती पर राष्ट्रवादी संघ ने भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने बताया कि संत गाडगे ने अपना जीवन गरीबों और शोषितों, जरूरतमंदों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। राष्ट्रवादी संघ ने उनके योगदान को स्मरण किया। इस मौके पर एडवोकेट मनोज सिंह राठौड़, कप्तान राव देशमुख, कमल अस्थाना, सुनील शर्मा नालंदा, सचिन लाड, दीपक कुशवाह, रजनीश कश्यप, पलाश सूद, श्रीकांत शर्मा, गोपाल ठेकेदार, धर्मेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

---

पालिका के साथ संत निरंकारी समिति ने किया स्वच्छता श्रमदान

## सिंगवासा तालाब स्वच्छ करने का नपा कर रही भगीरथी प्रयास

**गुना, देशबन्धु।** शहरी क्षेत्र के जल स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सिंगवासा तालाब का गर्मी से पहले जीर्णोद्वार किया जा रहा है। सिंगवासा की दशा को बेहतर करने के लिए नगरपालिका भगीरथी प्रयास कर रही है। इस काम में सामाजिक संगठनों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

इसी सिलसिले में रविवार को नगरपालिका सीएमओ तेज सिंह यादव के मार्गदर्शन में संत निरंकारी सत्संग समिति और नगरपालिका द्वारा श्रमदान किया गया। इस दौरान संत निरंकारी सत्संग समिति के अनुयाईयों एवं नगर पालिका स्टाफ द्वारा सिंगवासा तालाब के किनारों पर जमी गंदगी को साफ किया गया। सभी उपस्थित नागरिकों द्वारा तालाब के किनारे से कचरा का निस्तारण कर कचरा गाड़ियों में भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ने बताया कि शीघ्र ही शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण होना है, इसी को दृष्टिगत रखते हुए शहर में प्रात: काल सफाई के अतिरिक्त दोपहर में दलेल लगाकर सफाई कराई जा रही है। साथ ही जन सहयोग से शहर की जल संरचनाओं एवं सार्वजनिक स्थानों, पार्कों आदि की सफाई कराई जा रही है। उन्होंने शहर वासियों से शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में नगर पालिका को सहयोग करने की अपील की है। संत निरंकारी समिति के संयोजक नरेश उप्पल ने बताया कि हमारी समिति द्वारा निष्काम भाव से जनसेवा की जाती है, आगे भी हमारी समिति द्वारा प्रत्येक रविवार को नपा के सहयोग से स्वच्छता कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर सेवादल संचालक रवि कश्यप, ज्ञान प्रचारक रविंद्र चौबे, नपा कर्मचारी शकील खान, अमर छारी, अमित कुमार आर्य के साथ नगर पालिका की सहयोगी संस्था के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।



---

## बिना कर्ज लिए किसान को बनाया कर्जदार, वसूली का नोटिस थमाया



**महाराजपुर, देशबन्धु।** जिला सहकारी बैंक महाराजपुर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक किसान बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बना दिया गया है। अब समित उसे नोटिस देकर कर्ज में ली गई राशि जमा कराने के लिए परेशान कर रही है।

किसान कालीचरण पटेल ने इस बारे में सीएम हेल्पलाइन से लेकर कलेक्टर से शिकायत करके न्याय मांगा है। वहीं शिकायत करने के बाद से अब तो समिति के कर्मचारियों द्वारा किसान पर और भी दबाव बनाकर उससे कर्ज की राशि जमा कराने के लिए परेशान किया जाने लगा है। किसान कालीचरण ने बताया ऊजरा समिति द्वारा उसे 1 लाख 33 हजार 650 रुपए जमा करने का नोटिस दिया गया है। जबकि उसके नाम से जमीन भी नहीं है फिर भी समिति द्वारा उस पर कर्ज की बकाया राशि निकाल दी गई है। जब बिना जमीन के कर्ज देने के बारे में समिति के कर्मचारियों से कहा तो उनका कहना था कि हमें उससे कोई मतलब नहीं है, तुम कर्ज की पूरी राशि जमा करा दो नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। ऊजरा समिति के कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2015 में किसान कालीचरण पटैल ने समिति से 61500 रुपए का कर्ज लिया था, जिस पर 72150 रुपये ब्याज के हो जाने से अब बकाया राशि 133650 उसे जमा करना होगी।

वहीं कालीचरण का कहना है एक तो उस पर कर्ज की फर्जी राशि निकाल दी वहीं अब सीएम हेल्पलाइन व कलेक्टर के यहां की गई शिकायत वापस लेने के लिए उसे तरह तरह से परेशान किया जा रहा है। इस मामले में उसने वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की मांग की है।

---

## मनुजा मिश्रा ने किया नेट क्वालिफाई, परिवार में खुशी



**गुना, देशबन्धु।** हाल ही में घोषित हुए यूजीसी नेट दिसंबर 2024 के रिजल्ट में गुना की सर्टिफाइड करियर काउंसलर मनुजा मिश्रा ने पहले ही प्रयास में क्वालीफाई किया है। इस उपलब्धि पर मनुजा की माताजी सीमा शर्मा और पिता गोपाल मिश्रा एवं अतुल लुंबा, हरिकृष्ण शर्मा, प्रमोद रघुवंशी, नरेंद्र भार्गव, अनिल चौहान, शैलेंद्र श्रीवास्तव, रामेश्वर शर्मा और अन्य द्वारा बधाई एवं आशीर्वाद दिया गया है। गौरतलब है कि मनुजा गुना जिले की एकमात्र सर्टिफाइ काउंसलर हैं। वे युवाओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराती हैं।

---

## सकल ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 29 अप्रैल को

▸ विवाह योग्य जोड़ों के पंजीयन जारी

**गुना, देशबन्धु।** अक्षय तृतीया की पावन वेला पर सकल ब्राह्मण महासमिति, ग्वालियर द्वारा सकल ब्राह्मण समाज का निशुल्क तृतीया सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

29 अप्रैल अक्षय तृतीया पर होने वाले निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में जारी हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले विवाह योग्य जोड़ों के अभिभावक गुना में पं. राधेश्याम शर्मा प्रदेश कार्यक्रम संयोजक संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही ग्वालियर में सकल ब्राह्मण महासमिति के द्वारा पंजीयन करा सकते हैं। सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज, समिति अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, महिला अध्यक्ष वीणा भारद्वाज, मीडिया प्रभारी श्याम बाबू शर्मा ने बताया कि ग्वालियर सकल ब्राह्मण महासमिति की बृहद् कार्यकारिणी के माध्यम से यह आयोजन किया जा रहा है। समाज के लिए फिजूल खर्ची रोकने के लिए रचनात्मक कार्यों की दिशा में ब्राह्मण समाज का यह अनुकरणीय आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें वधु के लिए गृहस्थी में उपयोग आने वाले आवश्यक उपहार निशुल्क सकल ब्राह्मण महासमिति के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन का स्थान मां संतोषी भवन लक्ष्मी बाई कॉलोनी पड़ाव पर आयोजित किया जाएगा। सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा निशुल्क तीसरा विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

---

## गिद्धों के लिए सुरक्षित आशियाना बने बकस्वाहा के जंगल, 309 गिद्धों का डेरा



**छतरपुर, देशबन्धु।** वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देशन में 2024-25 के गिद्ध गणना की गई। जिसमें छतरपुर जिले के छह वन परिक्षेत्रों में कुल 735 गिद्धों की पहचान हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 अधिक हैं। खास बात यह रही कि इस बार भी बकस्वाहा वन क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 309 गिद्ध और 109 घोंसले पाए गए हैं। जिससे स्पष्ट है कि यहां गिद्धों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।गिद्धों की गणना करने वाले विशेषज्ञों ने बताया कि जिले में भारतीय गिद्ध, राज गिद्ध और इजिप्शियन गिद्ध जैसी विभिन्न प्रजातियाँ पाई गई हैं। बकस्वाहा क्षेत्र में सबसे अधिक गिद्धों की प्रजातियाँ दर्ज की गईं। वनमंडलाधिकारी सर्वेश सोनवानी ने कहा कि गिद्धों की बढ़ती संख्या पर्यावरण के लिए शुभ संकेत है। गिद्ध मृत प्राणियों को खाकर स्वच्छता बनाए रखते हैं और संक्रामक रोगों को फैलने से रोकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, बकस्वाहा का घना जंगल, उपयुक्त जलवायु और पर्याप्त भोजन गिद्धों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करता है। इस बार बकस्वाहा क्षेत्र के निवार और चंदनपुरा जैसे नए इलाकों में भी गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसे लेकर वन विभाग ने विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने की योजना बनाई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्धों की संख्या में वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र का पर्यावरण स्वस्थ हो रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशी जताई है, उन्होंने लिखा कि- गिद्धों को पसंद आया अपना मध्यप्रदेश।

---

## शोरुम में सेंधमारी कर चोरी किए सवा लाख के टायर

▸ पुलिस ने दबोचे आरोपी, 9 टायर बरामद

*__गुना, देशबन्धु।__ जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र में संचालित एक टायर शोरूम सेंधमारी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने टायर चोरी किए थे, जिनमें से 9 टायर बरामद कर लिया गया है।*

*पुलिस के मुताबिक 31 दिसम्बर-01 जनवरी की रात राघौगढ़ थाना अंतर्गत साडा कॉलोनी में एक टायर शोरूम में अज्ञात चोरों द्वारा सेंधमारी कर 42 टायर, एक स्वैप मशीन व चांदी के 3 सिक्के चोरी किए गए थे। चोरी की इस घटना के फरियादी जितेंद्र लोधा निवासी साडा कॉलोनी, राघौगढ़ की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। चोरी की वारदात को गंभीरता से लिया गया। राघौगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जुबेर खान और उनकी टीम द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतारसी के निरंतर प्रयास किए गए, जिसके तहत चोरी में संलिप्त अज्ञात आरोपियों की पहचान कर ली गई और 13 फरवरी को उक्त चोरी में संलिप्त एक आरोपी पर्वत सिंह भील निवासी ग्राम बोरखेड़ी, थाना जामनेर को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से 2 टायर बरामद किए गए थे। प्रकरण के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए जिनकी सघनता से तलाश की गई। जिसके परिणाम स्वरूप 22 फरवरी को एक और आरोपी रामबक्श पुत्र मान सिंह भील निवासी ग्राम जूनापानी थाना चांचौड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 टायर और बरामद किए गए। इस प्रकार पुलिस द्वारा प्रकरण में अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 1.33 लाख कीमत के 9 टायर बरामद कर लिए हैं।*



शहनाज़ अख्तर की प्रस्तुति देखने मेले में उमड़ा जन सैलाब

# नोहलेश्वर महोत्सव बुंदेली संस्कृति का परिचायक: लोधी





**दमोह देशबन्धु।** 19 फरवरी से 28 फरवरी तक मध्यप्रदेश शासन के सांस्कृतिक, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में महाशिवरात्रि के पूर्व भोलेनाथ की भक्ति की बयार दमोह जिले के नोहटा में बह रही है। मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग और दमोह प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में लोक संगीत, भजन और बुंदेली व्यंजन का आनंद लोग उठा रहे हैं । महोत्सव का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह और हटा विधायक उमा देवी खटीक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पर्यटन और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा कि बुंदेली संस्कृति में रंगे इस महोत्सव की प्रसिद्धि बढ़ रही है। इस आयोजन को भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के अग्रणी महोत्सव की श्रेणी में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों और बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को अवसर मिले यह भी कार्यक्रम के उद्देश्य है।

पशुपालन और डेयरी मंत्री लखन पटेल ने कहा भगवान शिव की नगरी अब बुंदेलखंड की सांस्कृतिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। नोहलेश्वर महोत्सव का उद्देश्य लोककला के पल्लवन और पोषण के लिए किया जा रहा है।

### जमकर नाचे मंत्री और सांसद

शहनाज अख्तर के भजनों में पर्यटन और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह तथा सांसद राहुल सिंह ने जमकर नृत्य किया। खचाखच भरे मेला प्रांगण में लोगों ने भी जमकर नृत्य किया।

# फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या




**दमोह देशबन्धु।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिगसर गांव में 20 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगा लेने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर उसको मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि मृतका श्रद्धा पिता राजू कुर्मी उम्र 20 वर्ष निवासी ढिगसर थाना देहात की मौत हो जाने पर देहात थाना से प्रधान आरक्षक कामता और आरक्षक रोहित ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है।

# बांदकपुर जा रहे कांवड़ यात्री को पिकअप ने मारी टक्कर, घायल

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** तेन्दूखेड़ा अंतर्गत माँ नर्मदा का जल भरकर बांदकपुर जा रहे कांवर यात्रा को पिकअप वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार युवक मांड़खेड़ा निवासी रवि लोधी भी भेड़ाघाट से नर्मदा जल लेकर आ रहा था जिसको 27 मील पर एक भूसा से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी । टक्कर लगने के बाद युवक घायल हो गया। साथियों ने तत्काल 108 वाहन बुला कर घायल युवक को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां पर युवक का इलाज जारी है।

# भगवान को प्राप्ति करने के लिए सत्कर्म परम आवश्यक: स्वामी श्रवणानंद

## अजब धाम में जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में चल रही भागवत कथा



**दमोह/हटा देशबन्धु।** अजब धाम में जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में कथापीठ से अनन्त विभूषित स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती के कृपापात्र स्वामी श्रवणानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि यदि आप भगवान से मिलोगे तो भगवान कहेंगे कि आप सन्तों की सेवा करो, आपका कल्याण होगा। और सन्तों से मिलोगे तो सन्त बोलेंगे भगवान की सेवा करो कल्याण होगा।

आजकल नए नए प्रकार के रोग हो रहे है। वृन्द्रावन में कथा के दौरान एक यजमान को गुलाब से एलर्जी भी देखी, भोग में रोग का भय है। जिसके पीछे लोग भागते हैं वह अल्प है। इसलिए भगवान को प्राप्ति के लिए सत्कर्म परम आवश्यक है। हमारे छोटे सरकार ने यह यज्ञ यदि बद्रिका आश्रम में किया होता तो गिने चुने लोग पँहुचते । लेकिन यंहा इतने विशाल श्रद्धालु और यजमान हैं। धार्मिक कार्य ऐसी जगह हो जहां लोग पँहुच सकें। देवर्ऋषि नारद भगवान की खोज में निकले रास्ते मे कई लोग मिले, बद्रिका आश्रम तक खोज करते सनत कुमार मिले, देवर्ऋषि नारद की अवतारों, भगवान और भक्तों में चर्चा है, सभी सन्त, तीर्थ नदिया,सभी पुराण श्रीमद्भागवत कथा में पधारे । श्रीमद्भागवत कथा की महिमा गाने मात्र से भक्ति,ज्ञान, वैराग्य तीनों तरुण हो गए और नृत्य करने लगे। प्रेमी की बोली का नाम संगीत है। वाणी में अपने आप रसीलापन और मधुरिमा आ जाती है। सरस्वती ने श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने के बाद यदि आपका वैसा ही जीवन है तो सुनने का कोई लाभ नही,साधु बनने के बाद यदि साधु बनने के पहले जैसी सोच है तो कोई लाभ नही, यदि स्वभाव, व्यवहार, चिंतन न बदला तो कोई मतलब नही। सरस्वती ने कहा कि आप घर के प्रेमी, पत्नी प्रेमी, घर प्रेमी और देश प्रेमी हो सकते लेकिन आपको यदि भगवान का स्मरण होने लगे, आपको भगवान से प्रेम हो जाये तो श्रीमद्भागवत कथा कहने का सार निकले, दुनिया से नाम जा रहे हैं,सब नाम का खेल है, आपके अंदर भगवत प्रेम जागना जरूरी है।

# जिम्मेदारों ने की अनदेखी, दिव्यांग के भरोसे चल रही थी गौशाला



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली हरई सिंगौरगढ़ ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला में मवेशियों की मौत के मामले में जिम्मेदारों की अनदेखी सामने आ रही है। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण में जो बात सामने आई है उससे यह तो पूरी तरह तय हो गया है कि गौशाला के प्रति किसी ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। दिव्यांग के सहारे गौशाला संचालित हो रही थी, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि बिटनरी डॉक्टर भी गौशाला काफी समय से नहीं पहुंचे। क्योंकि जब उनसे मौके पर तेंदुखेडा एसडीएम ने जानकारी ली तो उन्होंने तेंदूखेड़ा पशु चिकित्सा अधिकारी को पूरा जिम्मेदार ठहरा दिया।

एक ओर जहां तेंदुखेडा एसडीएम ने मौके की स्थिति देख नाराजगी व्यक्ति की तो दूसरी ओर जनपद सीईओ मनीष बागरी भी पंचायत कर्मियों को इस मामले में बेकसूर बता रहे है। उनका कहना है स्वसहायता समूह जिम्मेदार है पंचायत की गौशाला के प्रति कोई विशेष जिम्मेदारी नहीं है । क्योंकि गौशाला स्वसहायता समूह संचालित करता है और पैसे पशु पालन विभाग उनके खाते में डालता है। सी.ई.ओ की यह बात सुन पंचायत कर्मियों के फिर हौसले बुलंद हो गए पशु चिकित्सक अधिकारी का कहना है पंचायत कर्मियों की पूरी जिम्मेदारी है और उनको नियमित गौशाला की व्यवस्थाएं देखनी थी।

**सरपंच सचिव रहे अनुपस्थित:** हरई ग्राम पंचायत में गौशाला में मृतक मवेशियों की जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एस.डी.एम., जनपद सी.ई.ओ तेजगढ़ थाना प्रभारी, जिले से पशु विभाग की टीम, पटवारी, आर. आई. सभी पहुंच गए थे मगर पंचायत के सरपंच नहीं पहुंचे थे। जिले से आई पशु विभाग की टीम ने राजस्व टीम के साथ मृतक मवेशियों का पोस्टमार्टम किया बाद में आरआई द्वारा मौके स्थल पर पंचनामा कार्यवाही की गई । जिस पर सूत्र बताते है कि आरआई द्वारा पोस्टमार्टम और पशु विभाग की टीम के निरीक्षण के दौरान सरपंच सचिव के अनुपस्थित होने का पंचनामा में भी जिक्र किया गया है।

# इकरार उस्ताद व्यक्ति नहीं संस्था थे: सिंह



### दसवां उस्ताद स्मृति कार्यक्रम संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** सामाजिक, शिक्षा व क्रीड़ा के विशिष्ट व्यक्तित्व इकरार उस्ताद की दसवीं पुण्यतिथि पर इकरार उस्ताद स्मृति कार्यक्रम 2025, समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल, एवं सांसद दमोह लोकसभा राहुल सिंह थे। अध्यक्षता विधायक दमोह जयंत मलैया ने की। स्थानीय मानस भवन सभागृह में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं देशभक्ति गीत से की गई। ए.एस. म्यूजिक ग्रुप के सलामत व टीम ने नात शरीफ प्रस्तुत की। आयोजक समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। समरसता के दीप के प्रतीक पं. गोविंद पुजारी, जनाब अनीस खान, सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा और डॉ. ई. मिन्ज का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। इकरार उस्ताद का परिचय वरिष्ठ समाजसेवी विवेक शेण्ड्ये ने प्रस्तुत किया और उस्ताद के जीवन के रोचक संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में 'दमोह के उस्ताद' सम्मान से क्रमश: शिक्षा क्षेत्र में कु. मधुलता पाराशर, हिन्दी साहित्य में वरिष्ठ कवि प्रभुदयाल श्रीवास्तव (छिंदवाड़ा), उर्दू साहित्य में शायर ताहिर दमोही, खेल में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार अग्रवाल और चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. डी.एम. संगतानी को सम्मानित किया गया। इसके तहत शाल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उस्ताद स्मृति हॉकी टूर्नामेन्ट में विजेता ताज क्लब और उपविजेता डी.एच.ए.टीम तथा निर्णायक गणों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत नागरिकों का परिचय डॉ. सोनवलकर एवं कु. अलजिया ने दिया। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि इकरार उस्ताद से मेरा पारिवारिक रिश्ता रहा है। वे केवल व्यक्ति नहीं एक संस्था थे। उनका दमोह के सामाजिक जीवन में गहरा प्रभाव रहा है। मुझे उस्ताद के कार्यक्रम में शामिल होकर सुखद अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉ. आलोक सोनवलकर ने किया। आभार प्रदर्शन अनवर उस्ताद और डॉ. नाजिर खान ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के नागरिकगण, संस्थाओं के प्रतिनिधि, महिलाएं एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की पवित्र भावना की लोगों द्वारा सराहना की गई।

## सीएमओ ने किया 4 वार्डों का दौरा, निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले पर कराई एफआईआर

**रायसेन, देशबन्धु।** नगर पालिका की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेखा जाटव ने शहर के चार वार्डों का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान सीएमओ ने पाया कि कई हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण पूरा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने हितग्राहियों से पीएम आवास की राशि के उपयोग की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएमओ अपनी टीम के साथ वार्ड 11, 12, 13 और 14 का निरीक्षण किया। वार्ड 12 में नाली निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया। इस दौरान निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले राजेश मालवीय के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### बाइक पलटी युवक की मौत

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ग्राम हथोड़ा के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में 23 साल युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्यम सेन निवासी बरेठ के रूप में हुई है। घटना शनिवार देर रात 11:30 बजे की है। मृतक सत्यम गंजबासौदा में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव बरेठ लौट रहा था। ग्राम हथोड़ा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई और सत्यम भी बाइक से दूर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही काफी खून बह गया। राहगीरों ने लोगों ने घायल सत्यम को देखा और तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। उसे शासकीय जन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सत्यम एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# महामंडलेश्वर रामदास महाराज का शोभायात्रा निकालकर किया स्वागत



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गुरुगादी घटेरा ट्रस्ट के प्रमुख महंत रामदास महाराज को महाकुंभ 2025 में महा मंडलेश्वर की उपाधि से सुशोभित किया गया। महा मंडलेश्वर बनने पर विदिशा जिला सहित प्रदेश के अनुयायियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। महा मंडलेश्वर की उपाधि मिलने के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा स्टेशन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुई, पुराने मेला ग्राउंड स्थित गुरुगादी घटेरा धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा के दौरान रथ में सवार महा मंडलेश्वर रामदास महाराज का जगह-जगह शाल श्रीफल के साथ हार फूल मालाएं पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं आयोजन स्थल गुरुगादी घटेरा धर्मशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों, समाजिक, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों, भक्तों ने शोभायात्रा में शामिल होकर, प्रसादी ग्रहण की।

# पहाड़ी के पुरातात्विक शैलचित्रों से अनजान पुरातत्व विभाग



**सांची, देशबन्धु।** ऐतिहासिक स्थल से लगभग डेढ़ किमी दूर स्थित नागौरी की पहाड़ी अपने आप में पुरातात्विक ऐतिहासिकता समेटे हुए हैं। इस पहाड़ी पर पुरासम्पदा बिखरी पड़ी है। इस संपदा को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का बीड़ा अंग्रेजी हुकूमत के दौरान पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को सौंपा गया था तब से अब तक इस पुरासंपदा को सुरक्षित एवं संरक्षण का जिम्मा पुरातत्व विभाग उठा रहा है। यह पूरा क्षेत्र कहीं न कहीं पुरासम्पदा को समेटे हुए है। इस पहाड़ी का इतिहास भी पुरातात्विकता से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है यह पहाड़ी काफी प्राचीन हैं। हालांकि इस पहाड़ी से अवैध उत्खनन भी होता रहा है। इस पहाड़ी पर बड़ी बड़ी चट्टानों को आज भी देखा जाता है तथा इन चट्टानों पर आज भी पुरातात्विक शैलचित्र उकरे हुए साफ दिखाई देते है। यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों को जानकारी लगते ही वह अपना रुख इस पहाड़ी की तरफ कर लेते है। साथ ही पर्यटक इसकी ऐतिहासिकता जानने का प्रयास करते हैं। इस पहाड़ी पर बिखरी पड़ी पुरासम्पदा को सुरक्षित रखने का बीडा यहां रहने वाले ग्रामीण स्वयं उठाते हैं तथा देखरेख करते हैं। इस पहाड़ी पर नागौरी नाम से गांव बसा हुआ करता था अब अनेक ग्रामीण यहां से अपने घरों को छोड़ पहाड़ी के नीचे बस गए जबकि अनेक ग्रामीण आज भी इस पहाड़ी पर ही अपना आशियाना बनाये हुए है। अब इस पहाड़ी के अधिकांश क्षेत्र पर सोलर प्लांट का निर्माण हो चुका है। इस पहाड़ी पर ही ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण करा लिया था इस मंदिर पर समय समय पर धार्मिक आयोजन किये जाते है एवं पूजा अर्चना प्रतिदिन होती है इससे इस पहाड़ी की देखरेख होती रहती है। ऐसा भी नहीं है कि इस पहाड़ी की ऐतिहासिकता से पुरातत्व विभाग अनजान हो परंतु इस पहाड़ी पर अनमोल धरोहर को विभाग सुरक्षित रखने में नाकाम साबित हो चुका है। पुरातत्व विभाग मात्र अपने बौद्ध स्मारक परिसर तक सिमट कर रह गया है। विभाग का उपेक्षित रवैए के चलते भी ग्रामीणों की ओर से पुरा संपदा की सुरक्षा जारी है। ग्रामीण बताते है कि इस संपदा की सुरक्षा हमारी पीढ़ियों से होती चली आ रही है। यह सुरक्षा हमारे पुरखों से विरासत में मिली है। हम अपने परिवार के पालन पोषण के साथ ही इसे अपनी संपदा मानते हुए सुरक्षित रखते हैं। यही कारण है हजारों साल गुजरने के बाद भी यह संपदा सुरक्षित है। इस प्रकार इस पहाड़ी की प्राचीनता गांव वाले सुरक्षित रख रहे हैं। हालांकि कभी कभी इन शैलचित्रों के जानकर पर्यटकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराते दिखाई देते रहते है। यहां आने वाले पर्यटकों को भी ग्रामीण अपना मेहमान मानते हैं तथा बिना किसी लालच के पर्यटकों को पहाड़ी का भ्रमण कराने में सहयोग करते हैं। अब तो इस पहाड़ी तक पहुंच मार्ग भी बन चुका है।

सभी थानों की टीमों ने एक साथ कांबिंग गश्त

# पुलिस ने आधी रात सड़कों पर निकलकर पकड़े अपराधी



**रायसेन, देशबन्धु।** पुलिस ने एक साथ आधी रात में कांबिंग गश्त कर गुंडे, बदमाशों एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में वारंटियों, आदतन अपराधियों, गुण्डा, जिला बदर बदमाशों को चैक किया एवं लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में मध्य रात्रि में समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी हेतु रात्रि कॉम्बिग गश्त की गई। रात्रि कॉम्बिंग गस्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने 31 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। 56 गिरफ्तार वारंट तामिली कराए गए। ईनामी बदमाश गिरफ्तार किया गया। 54 संपत्ति संबंधी आरोपियों को चेक किया। जिले के राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त की। कॉम्बिंग गश्त से पूर्व अनुभाग वार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा फोर्स को अलग-अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया। जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में होटल, ढाबा, एटीम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ व वाहनों को चेक किया गया।

**बदमाशों को अपराध से दूर रहने की हिदायत:** गश्त के दौरान पुलिस ने 150 से अधिक हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों की रात में चेकिंग की साथ ही उन्हें आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी।

### जिला अस्पताल में की जांच

कांबिंग गस्त के दौरान रायसेन जिला अस्पताल में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और थाना कोतवाली प्रभारी संदीप चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ये निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने अस्पताल के मुख्य द्वार से लेकर ओपीडी तक की जांच की। महिला और पुरुष वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने मरीजों के परिजनों से भी बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत अस्पताल में तैनात गार्ड्स से भी विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस ने अस्पताल परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। कार्रवाई अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए की गई।

## सार समाचार

### सिद्धेश्वर धाम में चल रहा 7 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के नारायणपुरा रोड पर वार्ड नंबर-1 के सिद्धेश्वर धाम में दुबे परिवार द्वारा श्री निकेतन बैकुण्ठ धाम आश्रम के महन्त आशीष महाराज के मार्गदर्शन में 19 से 25 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ चारों धाम पूजन और 26 फरवरी को प्रातः 8 बजे से होगा, इसमें शिवलिंग निर्माण का धार्मिक अनुष्ठान रखा गया है। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिनि दोपहर 02 बजे से श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास पं. गौरव शास्त्री भक्तों को मनोहारी कथा सुना रहे हैं। बीते रोज उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। भगवान के जन्मोत्सव में उपस्थित जनसमूह झूम उठा। आयोजन समति से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे हवन-पूजन के बाद प्रसाद तिवरण और भंडारा होगा, जिसमें सभी धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

### कार की टक्कर से हाथ ठेला संचालक की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को सुबह करीब 8 बजे झांसी-खजुराहो फोरलेन हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से हाथ ठेला संचालक की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया है कि हाथ ठेला संचालक बागेश्वर धाम में चल रहे धार्मिक आयोजन में दुकान लगाने जा रहा था, तभी एक कार ने उसके ठेले में टक्कर मार दी। जिससे वह हादसे का शिकार हो गया। मौके पर पहुंचे सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने तुरंत हाथ ठेला संचालक को जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### नुक्कड़ नाटक से दिया बाल विवाह रोकने का संदेश



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** दया, करुणा के सागर परमात्मा के साथ स्वयं को स्पष्ट रखना चाहिए, छल कपट की मानसिकता से आत्मा कमजोर हो जाती है। जिससे मन ही मन सूक्ष्म रूप से दुखों का बोझ जीवन को भारी कर देता है। यह बात ब्रह्माकुमारी रमा दीदी ने महाशिवरात्रि के पर्व पर बक्सवाहा में कही है। उन्होंने कहा मन की स्थिरता कायम रखने के लिए आत्मा रूपी दीपक में ज्ञान और योग का घृत डालना जरूरी है। उच्च कोटि की शुद्ध संकल्पों से ही मन के कोनों में छिपे अज्ञान अंधकार से मुक्ति पाना संभव है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नटक प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाऊंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी रमा दीदी ने नुक्कड़ नटक प्रस्तुत करने वाली सभी कुमारियों का सम्मान किया और सभा में उपस्थित सभी लोगों से अनुरोध किया कि यह जागरूकता जन-जन की जीवन में और घरों में होनी चाहिए एवं ब्रह्माकुमारीज़ का समाज सेवा प्रभाव जन जागरूकता कार्य में सहयोगी रहता है। कार्यक्रम में कामता माली, महेंद्र कुमार जैन, गोविंद प्रसाद गुप्ता और संजय कुडेरिया ने विचार व्यक्त किए।

# जंगल से निकलकर घर में घुस आए तेंदुए के हमले से 10 लोग घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार सुबह 5 बजे जिले के किशनगढ़ वन क्षेत्र के खरयानी गांव में अचानक एक तेंदुआ घुस आया। उसने एक आदिवासी परिवार के घर में घुसकर परिवार के लोगों पर हमला कर दिया, जिससे 10 लोग घायल हो गए हैं।

ये घटना तब घटी जब शुकलाल आदिवासी के परिवार के सदस्य घर के अंदर बैठकर आग ताप रहे थे, तभी अचानक तेंदुआ घर के अंदर घुस आया। तभी तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया जिससे एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में 8 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में धनीराम 26 वर्ष, दीना 21 वर्ष, गेंदा बाई 65 वर्ष, रमेश 30 वर्ष, गुलाबरानी 40 वर्ष, मुलुआ 45 वर्ष, रमेश 35 वर्ष और मन्नू आदिवासी 40 वर्ष शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वनरक्षक अखिलेश मिश्रा 40 वर्ष और उसके एक साथी को भी तेंदुए ने घायल कर दिया है। छह घायलों को किशनगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रुप से घायल 4 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना पन्ना नेशनल पार्क के कोर एरिया किशनगढ़ की है। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में जुटी है। फिलहाल तेंदुए के आतंक से ग्रामीण इतनी दहशत में है कि वे अपने घरों में दुबके हुए हैं।

### भालुओं के हमले से चरवाहा घायल

जिले के बक्सवाहा क्षेत्र के जंगल में एक चरवाहे पर दो भालुओं ने हमला कर दिया। सिद्धारी गांव निवासी 45 वर्षीय कोमल आदिवासी चरवाहे का काम करता है। जब वह खेत के पास जंगल में बकरियों के लिए पत्तियां काट रहा था। तभी अचानक झाड़ियों से दो भालू बाहर निकल आए और कोमल पर हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। कोमल की आवाज सुनकर आस पास से कई लोग वहां चिल्लाते हुए आए तो भालू उसे छोडकर जंगल में भाग गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों और वन विभाग की टीम को घटना की सूचना दी। घायल कोमल को पहले बक्सवाहा अस्पताल ले जाया गया, बाद में उसे बिजावर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बक्सवाहा रेंजर लवप्रताप सिंह ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं।

# हाइवे पर गाय से टकराकर कार पलटने से एक मृत, 10 लोग घायल




**छतरपुर, बमीठा, देशबन्धु।** रविवार की सुबह करीब 6 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत झांसी-खजुराहो फोरलेन हाइवे पर ग्राम कदारी के पास तेज रफ्तार से जा रही एक कार सड़क पर बैठी गाय से टकराकर खाई में जाकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक भोपाल के रहने वाले 11 लोग टवेरा कार क्रमांक एमपी 04 बीसी 2311 से प्रयागराज महाकुंभ में गए थे। वहां से आते समय वे बागेश्वर धाम गए। वहां दर्शन करने के बाद रविवार को सुबह भोपाल के लिए रवाना हुए, तभी ये हादसा हो गया। बताया गया है कि कार जैसे ही ग्राम कादरी के पास पहुंची तभी एक गाय से टकराकर अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। इस हादसे में 60 वर्षीय महेश पुत्र नर्मदा प्रसाद पटेल निवासी भौंरी थाना खजूरी भोपाल की मौत हो गई है।

घायलों में रायसेन निवासी गोवर्धन पुत्र काशीराम पटेल 43 वर्ष, उसकी 40 वर्षीय पत्नी पूजा पटेल 40 वर्ष, सलती बाई पत्नी काशीराम 50 वर्ष, कृपा पुत्र गोवर्धन कुमार, पार्वती पुत्री नर्मदा पटेल 60 वर्ष, ललिता पत्नी महेश कुमार 45 वर्ष, सूरज पुत्र नारायण, नर्मदा प्रसाद पुत्र मूलचंद 75 वर्ष, हेमंत पुत्र नर्मदा प्रसाद 20 वर्ष और रंजीत पुत्र मुंशीलाल 35 वर्ष को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से घायल तीन लोगों को सागर और झांसी रेफर किया गया है।

# बिना कर्ज लिए किसान को बनाया कर्जदार, वसूली का नोटिस थमाया



**महाराजपुर, देशबन्धु।** जिला सहकारी बैंक महाराजपुर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक किसान बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बना दिया गया है। अब समित उसे नोटिस देकर कर्ज में ली गई राशि जमा कराने के लिए परेशान कर रही है।

किसान कालीचरण पटेल ने इस बारे में सीएम हेल्पलाइन से लेकर कलेक्टर से शिकायत करके न्याय मांगा है। वहीं शिकायत करने के बाद से अब तो समिति के कर्मचारियों द्वारा किसान पर और भी दबाव बनाकर उससे कर्ज की राशि जमा कराने के लिए परेशान किया जाने लगा है। किसान कालीचरण ने बताया ऊजरा समिति द्वारा उसे 1 लाख 33 हजार 650 रुपए जमा करने का नोटिस दिया गया है। जबकि उसके नाम से जमीन भी नहीं है फिर भी समिति द्वारा उस पर कर्ज की बकाया राशि निकाल दी गई है। जब बिना जमीन के कर्ज देने के बारे में समिति के कर्मचारियों से कहा तो उनका कहना था कि हमें उससे कोई मतलब नहीं है, तुम कर्ज की पूरी राशि जमा करा दो नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। ऊजरा समिति के कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2015 में किसान कालीचरण पटैल ने समिति से 61500 रुपए का कर्ज लिया था, जिस पर 72150 रुपये ब्याज के हो जाने से अब बकाया राशि 133650 उसे जमा करना होगी।

वहीं कालीचरण का कहना है एक तो उस पर कर्ज की फर्जी राशि निकाल दी वहीं अब सीएम हेल्पलाइन व कलेक्टर के यहां की गई शिकायत वापस लेने के लिए उसे तरह तरह से परेशान किया जा रहा है। इस मामले में उसने वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की मांग की है।

# ग्राम पंचायत टटम और नुना में नालियों की सफाई न होने से फैली गंदगी



**महाराजपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत टटम और नुना में चारों ओर गंदगी फैली है। कई महीनों से सफाई न होने से नालियों में कचरा जमा हो गया है। जिससे सभी नालियां चोक हो जाने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

लवकुशनगर रोड स्थित टटम ग्राम पंचायत क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत है। 11 हजार से अधिक जनसंख्या वाली इस पंचायत में लगभग 5 हजार से अधिक मतदाता हैं। यहां के सरपंच व सचिव द्वारा गांव की नालियों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं जिससे नालियां कई महीनों से चोक पड़ी हैं। गांव की सड़को पर गंदा पानी बह रहा है, कई जगह कीचड़ जमा हो गया है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है। नालियों में मच्छर पनपने से मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना है। अब तो हालात ऐसे हैं कि कीचड़ व गंदा पानी सड़क पर जमा होने से महिलाएं भी घर की सफाई का कचड़ा यहां फेंकने लगी हैं।

गांव में गंदगी के कारण बड़ी संख्या में लोग गांव के घरों में ताले लगाकर खेतों पर बने मकान या झोपड़ी में रहने लगे हैं। यदि गांव में ऐसे ही गंदगी बनी रही तो कई अन्य किसान भी गांव छोड़ खेत पर अपना डेरा जमा लेंगे। बता दें कि पंचायत में शुक्रवार को बड़ा बाजार लगता है, जिसमें आसपास के कई गांवों से लोग सामान खरीदने आते हैं। यहां लगने वाली दुकानों से ग्राम पंचायत टैक्स वसूलती है मगर इस राशि से सफाई पर जरा भी ध्यान नहीं दिया जाता है।

# अलग-अलग स्थानों पर युवक-युवती ने की आत्महत्या

**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को जिले में2 दो अलग-अलग स्थानों पर युवक-युवती द्वारा आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। पहला मामला ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सींगौन का है, जहां के रहने वाले रामप्रसाद कुशवाहा की 17 वर्षीय पुत्री मोहनी ने शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे घर एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुबह परिजनों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। दूसरा मामला गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डिकौली का है जहां 45 वर्षीय दयालू पुत्र मुलुआ कुशवाहा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

बताया गया है कि शनिवार की रात करीब 10 बजे दयालू ने खेत पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां रविवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद दयालू का शव परिजनों को सौंपा दिया गया है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरु कर दी है।

# गिद्धों के लिए सुरक्षित आशियाना बने बकस्वाहा के जंगल, 309 गिद्धों का डेरा



**छतरपुर, देशबन्धु।** वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देशन में 2024-25 के गिद्ध गणना की गई। जिसमें छतरपुर जिले के छह वन परिक्षेत्रों में कुल 735 गिद्धों की पहचान हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 अधिक हैं। खास बात यह रही कि इस बार भी बकस्वाहा वन क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 309 गिद्ध और 109 घोंसले पाए गए हैं। जिससे स्पष्ट है कि यहां गिद्धों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

गिद्धों की गणना करने वाले विशेषज्ञों ने बताया कि जिले में भारतीय गिद्ध, राज गिद्ध और इजिप्शियन गिद्ध जैसी विभिन्न प्रजातियाँ पाई गईं हैं। बकस्वाहा क्षेत्र में सबसे अधिक गिद्धों की प्रजातियाँ दर्ज की गईं। वनमंडलाधिकारी सर्वेश सोनवानी ने कहा कि गिद्धों की बढ़ती संख्या पर्यावरण के लिए शुभ संकेत है।

गिद्ध मृत प्राणियों को खाकर स्वच्छता बनाए रखते हैं और संक्रामक रोगों को फैलने से रोकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, बकस्वाहा का घना जंगल, उपयुक्त जलवायु और पर्याप्त भोजन गिद्धों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करता है। इस बार बकस्वाहा क्षेत्र के निवार और चंदनपुरा जैसे नए इलाकों में भी गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसे लेकर वन विभाग ने विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने की योजना बनाई है।

### गत वर्षों की तुलना में बेहतर हुई स्थिति

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 में छतरपुर जिले में कुल 514 गिद्ध थे, जिनमें से 209 बकस्वाहा में पाए गए थे। इसके बाद 2024 में गिद्धों की संख्या बढ़कर 709 हो गई, जिसमें से 299 गिद्ध बकस्वाहा में दर्ज किए गए। 2025 में जिले का आंकड़ा 735 हो गया है, जिसमें से 309 गिद्धों का ठिकाना बकस्वाहा में पाया गया है। गौरतलब है गिद्धों को पर्यावरण का स्वच्छता प्रहरी माना जाता है। इनकी मौजूदगी जलवायु और पारिस्थितिकी संतुलन का संकेत देती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्धों की संख्या में वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र का पर्यावरण स्वस्थ हो रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशी जताई है, उन्होंने लिखा कि-गिद्धों को पसंद आया अपना मध्यप्रदेश। प्रदेश में गिद्धों की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हो रही है, जो हमारे संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है।

# 51वाँ खजुराहो नृत्य समारोह : मंदिरों की आभा में साक्षात हुए नृत्य प्रेमियों के स्वप्न, कल्पना और विचार







*__छतरपुर, खजुराहो, देशबन्धु।__ नृत्य में जीवन का आनन्द है उमंग है उल्लास है। नृत्य हमारी संस्कृति को आनंददायी अभिव्यक्ति देते हैं और खजुराहो नृत्य समारोह भारतीय संस्कृति का अनूठा उदाहरण है। एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों की अलौकिक आभा में देश के सुप्रसिद्ध साधनारत कलाकार और शाम के धुंधलके में अपनी आंखों के सामने स्वप्न, कल्पना और विचार को साक्षात होता देखने के लिए आतुर कला रसिक।*

*51वे खजुराहो नृत्य समारोह के चौथे दिवस की शाम में कथक और ओडिसी नृत्यों की प्रस्तुति ने सुधिजनों को नृत्य के जादुई संसार की यात्रा कराई। पहली प्रस्तुति मध्यप्रदेश की सुश्री पलक पटवर्धन द्वारा कथक नृत्य की रही। जयपुर घराने की परम्परा का अनुगमन करने वाली पलक पटवर्धन ने सर्वप्रथम ठाकुर जी से प्रार्थना "भक्त वत्सलम" की प्रस्तुति दी। इसके बाद आकर्षक ढंग से भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला का वर्णन नृत्य से किया। बासंती रंगों की वेशभूषा में जब उन्होंने प्रेम भाव के साथ कृष्ण रास लीला का दर्शन कराया तो सुधिजनों ने वृन्दावन सा अनुभव प्राप्त किया। बसंत ऋतु का आगमन हो चुका है और प्रकृति सौंदर्य को प्राप्त हो चुकी है। इस मधुमास का प्रिय उत्सव होली को पलक एवं उनके साथियों ने होली प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया। जिसमें श्री कृष्ण राधा और गोपियां साथ में होली खेल रही हैं। अंत में उन्होंने आश्रय का पद प्रस्तुत कर विराम दिया। उनके साथ आयुषी त्रिवेदी, काव्या शर्मा, झलक चावड़ा, तन्वी गोलेचा, जान्हवी क्षीरसागर ने मंच साझा किया। संगीत एवं पद रचना मुखिया श्री अभिषेक व्यास, उद्घोषणा एवं पढ़ंत पं. माधव तिवारी, सितार वादन डॉ. विनीता माहुरकर, गायन एवं हारमोनियम श्री कुलदीप दुबे, तबला वादन श्री विनायक शर्मा, पखावज वादन श्री ऐश्वर्य आर्य ने किया।*

*दूसरी प्रस्तुति सुप्रसिद्ध ओडिसी नृत्य कलाकार प्रवत कुमार स्वाइन की ओडिसी नृत्य की रही। उन्होंने सबसे पहले राग मालिका और ताल मालिका में निबद्ध "रास विचित्र" प्रस्तुत की। इसमें नौ रसों को विस्तार से और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन नौ रसों को व्यक्त करने के लिए शिव जी द्वारा गणेश जी का शीश काटे जाने वाली कथा को दिखाया। इसके बाद उन्होंने "सदा रिपु" को प्रस्तुत किया।*

*इसमें उन्होंने दिखाया कि मानव जीवन के छह आंतरिक शत्रु हैं "काम", "क्रोध", "लव", "मद", "मोह" और "मश्चर्यम" । चूँकि मन ही मनुष्य में बंधन और मुक्ति का कारण है, इसलिए यह समझना और महसूस करना आवश्यक है कि जब हम अपने आस-पास की वस्तुओं से अत्यधिक आसक्त हो जाते हैं, तो यह बंधन का कारण बनता है और यदि हम किसी भी तरह के जुनून से खुद को अलग करके खुद को नियंत्रित करने में सक्षम होते हैं, तो यह मुक्ति की ओर ले जाता है। यह मुक्ति तब मिलती है जब कोई छह "दोषों" (आंतरिक शत्रुओं) या सदा रिपु पर विजय प्राप्त करने और उन्हें नियंत्रित करने में सक्षम होता है। अंतिम प्रस्तुति भी कथक के नाम रही। जिसे प्रस्तुत किया संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी सुश्री अदिति मंगलदास, दिल्ली ने। उन्होंने अपनी प्रस्तुति "समवेत" में पंचतत्वों के संगम पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश को दिखाया, जो सामंजस्य में एकजुट होकर शरीर, मन और आत्मा को जागृत करके संपूर्णता को प्राप्त कर एक आदर्श संतुलन स्थापित करते हैं। इस प्रस्तुति में कथक की भाषा और ध्वनि को बहुत ही सूक्ष्मता से प्रस्तुत किया गया।*

### भीतर का आंदोलन आनंद का स्वरूप लिए बाहर आता है

कलाविदों और कलाकारों के मध्य संवाद का लोकप्रिय सत्र "कलावार्ता" का तीसरा दिन "भारतीय नृत्य कला दर्शन में निहित दर्शन" के नाम रहा। इस विषय पर व्याख्यान दे रही थीं प्रयागराज से पधारीं प्रो.मीनाक्षी जोशी। उन्होंने अपनी बात के प्रारम्भ में कहा कि हर नृत्य शैली में ले होती है। लय को अनुभव करते हुए ही नृत्य किया जाता है। जब एक ही लय पर बहुत समय तक नर्तक नृत्य करता और दर्शक देखता रहता है तब दोनों के भीतर आंदोलन होता है और यही आंदोलन आनंद के स्वरूप में बाहर आता है। आगे उन्होंने बताया कि जब हमें ऊपर की ओर जाना होता है तो सीधा घूमते हैं और नीचे की ओर जाना होता है तो उल्टा घूमते हैं। नृत्य में भी सीधा घूमा जाता है। यह स्पंदन उर्ध्व की ओर ले जाता है। तब दर्शक और कलाकार एकाकार को प्राप्त करते हैं। उनके व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों और कलाप्रेमियों ने उनसे कुछ प्रश्न भी किए।

### भारतीय संस्कृति का होना ही श्रेष्ठ है

51वें खजुराहो नृत्य समारोह में पहली बार आयोजित प्रणाम प्रदर्शनी/व्याख्यान सह संवाद जिस महान नृत्यांगना के जीवन और कला अवदान पर केंद्रित है। वे नृत्य के विद्यार्थियों से रूबरू हो रही थीं। वरिष्ठ नृत्यांगना एवं पद्मविभूषण डॉ.पद्मा सुब्रह्मण्यम, नृत्य संसार का एक ऐसा नाम है जिन्हें किसी पहचान की आवश्यकता नहीं। प्रणाम का पहला व्याख्यान सह संवाद रविवार को आयोजित किया गया। डॉ.पद्मा सुब्रह्मण्यम ने संवाद करते हुए कहा कि मैं मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की आभारी हूं कि मेरे जीवन और कला अवदान पर केंद्रित गतिविधि का आयोजन खजुराहो नृत्य समारोह जैसे श्रेष्ठ समारोह में किया। यह न सिर्फ किसी व्यक्ति बल्कि कला, परम्परा और कलाकार का सम्मान है। आज के जमाने में हमारी उम्र के लोग जब पाश्चात्य संस्कृति की ओर देखते हैं तो भारतीय संस्कृति का होना ही सबसे श्रेष्ठ मालूम होता है। हमारी नाट्य कला इतनी विस्तृत और समृद्ध है कि हम उन्हें भी दे सकते हैं, हमें उनसे कुछ लेने की आवश्यकता नहीं है। हमारे नाट्य का आधार हमारी परंपराएं हैं। ये केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि ईश्वर से जुड़ने का माध्यम हैं। नाट्य के लिए ज्ञान और प्रज्ञता जरूरी है। प्रज्ञता कौशल प्रदान करता है, लेकिन अभ्यास जरूरी है। भरतमुनि ने नाट्य शास्त्र रचा, यही कितनी अद्भुत बात है कि किसी मुनि ने नाट्य शास्त्र रचा। क्योंकि नाट्य का सम्बन्ध धर्म से है और धर्म को जाने बगैर नाट्य नहीं लिखा जा सकता। कला भी धर्म के लिए ही है। इसके बाद सुश्री जयश्री राजगोपालन और सुश्री अनुराधा विक्रांत ने डॉ.पद्मा सुब्रह्मण्यम की नृत्य संरचनाओं के विविध पक्षों पर व्याख्यान दिया।

# बारातियों से भरा लोडिंग वाहन पलटा, 14 लोग घायल, 3 की हालत गंभीर





**टीकमगढ़,देशबन्धु।** जिले में आज रविवार को बारातियों से भरा एक और लोडिंग वाहन सागर हाइवे पर पलट गया। अभी पिछले दिनों 12 फरवरी को मोहनगढ़ कॉलेज के सामने भी बारातियों से भरा लोडिंग पिकअप वाहन पलट गया था। इन दोनों सड़क दुर्घटनाओं में करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्रशासन द्वारा जिले भर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे लोडिंग वाहन जिनमें यात्रियों को बैठाकर यात्रा कराई जा रही है। उन वाहनों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

टीकमगढ़-सागर हाइवे पर ग्राम पठा के पास आज दोपहर करीब 12 बजे बारातियों व दहेज के सामान से भरा लोडिंग पिकअप वाहन क्रासिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। इस सड़क दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर तीन 108 एंबुलेंस व 2 जननी एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। इन एंबुलेंसों की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह लोडिंग वाहन शाहगढ़ तहसील के मड़खेरा से बारातियों व दहेज के सामान को लेकर कारी टपरियन आ रही थी जो ग्राम पठा के पास जसुआ तिगैला पर ट्रैक्टर से क्रॉसिंग करते समय पलट गया। 108 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेंद्र गंगवार ने बताया कि 23 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे टीकमगढ़ सागर हाइवे सड़क पर ग्राम पठा के पास बारातियों व दहेज का सामान लेकर आ रहा लोडिंग पिकअप वाहन क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में भागम लाल कुशवाहा, जयराम कुशवाहा, सतीश, आनंद नामदेव, सूरज कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, जगभान कुशवाहा, भगोला कुशवाहा, जयराम कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा, रमेश कुशवाहा सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। इन घायलों में तीन बारातियों की हालत गंभीर बताई गई है। स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही दिगौड़ा पुलिस व 108 एंबुलेंस के ईएमटी अनिरुद्ध राजपूत, अंकुश यादव, वीरेंद्र सिंह खंगार व पायलेट आरिफ खान, नरेंद्र यादव, सीपेन्द्र यादव व सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायलों का ईलाज किया जा रहा है।

# समग्र विकास पार्षदों की प्राथमिकता होनी चाहिए



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के विश्रामगृह में बीते रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के नेतृत्व में नगर परिषद पार्षदों की एकजुटता को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि वार्डों का समग्र विकास पार्षदों की प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। संज्ञा ने सभी पार्षदों से कहा कि अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार ने कहा कि परिषद की बैठकों में विकास कार्यों को लेकर तैयार किए गए बिंदुओं में नगर परिषद अध्यक्ष, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रेखा संतोष अहिरवार समेत सीएमओ को शामिल किया जाए। इसके अलावा नगर परिषद की बैठक पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। संजय अहिरवार उर्फसंजू बाबा ने कहा कि स्थानीय नगर में चरमराई हुई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बेहतर स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाना चाहिए। इसके अलावा बीते शुक्रवार को आयोजित की गई बैठक में नष्ट किए गए बिंदुओं पर पुन: विचार करते हुए उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। भाजपा अधिकृत प्रत्याशी प्रतिनिधि संतोष अहिरवार ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में किए जा रहे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता रखते हुए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। वर्तमान समय में मनमर्जी एवं द्वेष भावना से किये जा रहे कार्यों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता हरसेवक राजपूत, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, गुलाब आदिवासी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार उर्फसंजू बाबा, पार्षद कमलेश अहिरवार, भाजपा कार्यालय मंत्री तेज खान समेत अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### मातृ धाम छिपरी में महाशिवरात्रि महोत्सव का रवि शंकर महाराज ने किया शुभारंभ

# कथक नृत्यांगना वी अनुराधा ने दी प्रस्तुति



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मातृ धाम छिपरी में महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरुआत हो गई है। संत रविशंकर महाराज ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। शनिवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना वी अनुराधा ने अपने साथी कलाकारों के साथ रायगढ़ घराना शैली में शानदार प्रस्तुति दी। महोत्सव 26 फरवरी तक चलेगा। मां शारदा की पहाड़ी पर 51 फीट ऊंची सदाशिव प्रतिमा के पास बने मंच पर सभी कार्यक्रम हो रहे हैं। 17 फरवरी से 23 तक श्रीमद् भागवत कथा हो रही है। 22 फरवरी से 26 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आज रात कवि सम्मेलन होगा। 24 फरवरी को सूफी बैंड प्रस्तुति देगा। 25 फरवरी को वैष्णवी शर्मा भजन गायन करेंगी। 26 फरवरी को जित्तू खरे बादल अपने समूह के साथ प्रस्तुति देंगे। कथक नृत्यांगना वी अनुराधा सिंह संस्कृति मंत्रालय के विदेश प्रकोष्ठ में भारत महोत्सव के अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध की उत्कृष्ट श्रेणी में सूचीबद्ध कलाकार हैं। शनिवार की प्रस्तुति में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## बिना बताए घर से लापता हुई बालिका

**जतारा, देशबन्धु।** थाना जतारा अन्तर्गत आने ताल लिधौरा गांव की एक नाबालिग लड़की बिना बताए अपने घर से लापता हो गए हैं, जिसके बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए जतारा थाना पुलिस थाना में अपनी लड़की के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार जतारा पुलिस ने बताया कि तालाब लिधौरा गांव निवासी हनुमत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरी 16 वर्षीय लड़की शिवानी बीते 21 फरवरी को रात्रि से गायब है,जिसकी लगातार तलाश की गई लेकिन कहीं पर कोई पता नहीं चला है, जिसके बाद पुलिस थाना जतारा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके पुलिस और परिजन नाबालिग लड़की की खोजबीन करने में जुटे हुए हैं।

## कुएं में गिरने से नाबालिग लड़की की मौत

**जतारा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कंदवा गांव में एक नाबालिक लड़की की कुआं के पास से निकलते समय अचानक कुएं में गिर जाने से उसकी पानी में डूबने से लड़के पर की मौत हो गई। जानकारी के कंदवा गांव निवासी रामदास अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि रविवार को सुबह 8 बजे के लगभग मेरी पौत्री कुमारी मनीषा अहिरवार पुत्री जानकीय अहिरवार उम्र 17 साल गांव के बाहर खेत से घर आ रही थी। वह अचानक से कुआं में गिरने पानी में डूब गई और जब तक स्थानीय लोग उसे कुआं से बाहर निकाल गया तथा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने मृतका के दादा की रिपोर्ट पर नाबालिग लड़की के पानी में डूबने से मौत के मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है तथा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है तथा पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

### बैरवार में उपयोगी साबित हो रहा जनता दरबार

# गांव में लागू हैं पूर्ण शराब बंदी

### बेचने की सूचना पर 1 हजार का है इनाम



**जतारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 93 ग्राम पंचायते है, लेकिन बैरवार ग्राम पंचायत पूरी जनपद में शायद एक मात्र पंचायत ऐसी होगी। जिसमें लोगों को अपने कामो के लिए तहसील या जनपद कार्यालय के चक्कर नही लगाने पड़ते, बल्कि प्रत्येक मंगलवार गांव के पंचायत भवन में सरपंच सुरेंद्र दांगी जनता दरबार लगाते हैं। लोगों के रोज मर्रा के कार्यो सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, बीपीएल में नाम जुड़वाना, लोगो के इलाज आदि की व्यवस्था भी की जाती है। इस जनता दरबार मे पटवारी ग्राम पंचायत सचिव एव रोजगार सहायक भी बैठक में आवश्यक रूप से मौजूद रहते है। सरपंच सुरेंद्र दांगी बताते है कि जब वह चुनाव के समय लोगों के पास वोट मांगने गए थे, तब लोगों से वादा किया था कि ग्राम की जनता को अपने कार्यों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। पात्रता अनुसार हर व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाएगा। जिसके परिणामस्वरूप अब प्रत्येक मंगलवार ग्राम के पंचायत भवन में ही सभी अधिकारी, कर्मचारी व्यक्तियों लोगों की बात सुनते हैं और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाते है। उन्होंने बताया कि इसमें जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा का भी सहयोग मिलता रहता है। ग्राम पंचायत बैरवार में बीते 1 बर्ष से पूर्णत: शराब बंदी है। सरपंच सुरेंद्र दांगी के द्वारा यह घोषणा की गई हैं कि अगर कोई अबैध शराब बिक्री की सूचना देता है, तो उसको 1 हजार रुपए का इनाम दिया जायेगा। साथ ही ऐसे व्यक्ति का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। शराबबंदी की इस योजना को लेकर कलेक्टर द्वारा बैरवार सरपंच सुरेंद्र को राष्ट्रीय पर्वो पर सम्मानित भी किया जा चुका है। सुरेंद्र कहा कि अभी गांव में पेयजल की अच्छी व्यवस्था बनाना और आवास हीन गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# जटेरा में बना कुआं नील गायों के लिए खतरा

### नीलगायों की मौत का सिलसिला जारी, जिम्मेदार बेपरवाह

बल्देवगढ़। वन परिक्षेत्र अंतर्गत जटेरा गांव में एक कुआं नीलगायों के लिए खतरा बना हुआ है जिसमें कई नीलगायों की मौत हो चुकी है, लेकिन उनके बचाव के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार दो सप्ताह पहले इसी कुएं में गिरने से पांच नीलगायों की मौत हो गई थी। उक्त मामले में दो लोगों पर मामला दर्ज के बाद न्यायालय द्वारा जेल भेजा जा चुका है इसके बाद एक सप्ताह के अंदर ही दूसरी घटना में एक नीलगाय कुएं में गिर गया। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग एवं ग्रामीणों के द्वारा कुएं से बाहर निकाला गया एवं उसकी जान बचाई गई। तीसरी घटना रविवार को हुई। जिसमें दो नीलगाय कुएं में गिर गये और कुएं में डूबने से नीलगायों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि रविवार को वन विभाग को सूचना दी गई जिसमें शव कुएं में ऊपर उतरा रहा था। जिसे वन विभाग की टीम के द्वारा शव को पानी से बाहर निकाला गया और अंतिम क्रिया की गई। साथ ही बताया गया कि एक नीलगाय जो की कुएं के नीचे डूब गया। जिसका शव ऊपर नहीं आ पाया जिस कारण से पानी अधिक होने के कारण उक्त नीलगाय के शव को बाहर नहीं निकाला जा सका। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि वन विभाग की टीम के द्वारा बताया कि जैसे ही दूसरा शव कुएं के ऊपर आ जाएगा, तो उसे पानी से बाहर निकाल लिया जाएगा। देखा जा रहा है कि एक ही कुएं में लगातार घटनाएं घटित हो रही है और नील गायों की दर्दनाक मौत हो रही है, लेकिन इसके कोई स्थाई इंतजाम नहीं कराये जा रहे हैं। नीलगायों की मौत के मामले में अब ग्रामीणों के द्वारा कई कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं वन विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि लगातार किसानों की फसलों को नीलगाय नुकसान पहुंचा रहे हैं और कुएं में गिरने से उक्त नील गायों की मौत हो रही है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा किसी प्रकार से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, न ही उक्त कुएं पर कोई पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश सोनी का कहना है कि उक्त कुएं को पूरी तरह से मिट्टी से पुरवा दिया जाएगा, ताकि अब आगे से इस प्रकार की कोई घटना न हो।

## गुटखा एवं नशीले पदार्थ खाने वालों पर कोटपा कानून तहत चालानी कार्यवाही

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में शनिवार को ज़िला चिकित्सालय में कोटपा कानून को अमल में लाने के लिए गुटखा एवं नशीले पदार्थों को अस्पताल में खाने और लाने वाले 15 लोगो पर की चालानी कार्यवाही की गई। सहायक प्रबन्धक डॉ अंकुर साहू ने बताया कि जो लोग सेवन करते या गुटका एवं नशीले पदार्थ लाए हुए पाए गए, उन लोगो की राशिद काटी गई तथा इसके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर आम जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान अस्पताल पुलिस चौकी के हेड कॉन्स्टेबल ने भी लोगो को समझाने और सख्ती में सहयोग किया। अस्पताल में गुटका तम्बाकू बीड़ी एवं अन्य नशीली पदार्थों का सेवन करने वालो रशीद काटकर 750 रुपए की राशि जमा की गई। इस दौरान स्टीवर्ड अंशुल मिश्रा गार्ड एवं पुलिस हेड कॉन्स्टेबल उपस्थित रहे।

# गौशाला बदहाल: 3 महीने से नहीं मिल रहा गौवंशों को भूसा और आहार





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सरकार व प्रशासन भले ही गौशालाओं में बेहतर प्रबंधन का खूब दावा करे, लेकिन हकीकत काफी चौंकाने वाली है। जिले की अधिकांश गौशालाओं में गोवंश को भरपेट पशु आहार -पानी तक नहीं मिल पा रहा हैं। वहीं ग्रामीणों आरोप यह है कि गौशाला में तीन महीने से पशु अहार नहीं है भूसा घर में मूंगफली के छिलकों को खाने को मजबूर हैं। जिससे गोवंशों को भरपेट पशु अहार न मिलने के कारण कमजोर हो रहे हैं। यही कारण की कई गौवंश बीमारी से हड्डियां तक निकल रही हैं। शुक्रवार को जिले में दैनिक देशबंधु की पड़ताल में इसकी पोल खुल गई। हर गोशाला में अव्यवस्थाओं की भरमार है। कई गौशालाओं में तो रिकार्ड के मुकाबले आधे भी छुट्टा गोवंश नहीं है, जबकि हर दिन लाखों रुपये का बजट ठिकाने लग रहा है। वहीं, सब कुछ पता होने पर भी जिम्मेदार अफसर आंखे मूंदे बैठे हैं। अगर अफसर ढंग से जिले की दो ार-गौशालाओं की भी पड़ताल कर लें तो सिस्टम की पोल खुल जाएगी। ऐसा ही मामला जनपद क्षेत्र बल्देवगढ़ की आने वाली ग्राम पंचायत चंद्रपुरा में श्रीराम हर्षण गौशाला का संचालन करने की जिम्मेवारी पंचायत के पास है। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के द्वारा अनियमितताएं और लापरवाही बरती जा रही है। वहीं ग्राम पंचायत के उपसरपंच भरत राजपूत ने बताया कि सरपंच श्रीमति विदेह पाठक और सचिव रामदयाल यादव के द्वारा गौशाला को संचालन करने में लापरवाही बरती है कि गौशाला में तीन महीनों से भूसा तक नहीं है। जहां बेजुबान गोवंश को भूख मिटाने के लिए भूसा घर में रखे हुए एक कोने में मुंगफली कें छिलकों से भूख मिटा रहे है। ग्रामीण निवासी कमलेश राजपूत का आरोप है कि गौशाला की कई बार शिकायत के वावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों से अभी की कोई कार्यवाही नहीं की है। जहां पिछले समय गौशालाओं का संचालन समूह कर रहा था। जिसमें समूह को हटाकर ग्राम पंचायत को संचालन करने की जिम्मेवारी दी। वहां गौवंश को भूसा ना मिलने से कई गोवंशों की हालात यह उनकी पेट की हड्डियां दिखने लगी हैं। गोवंशों के लिए बनाई गई भूसा की चराइयों में भूसा की जगह पर बालू भरी पड़ी है।

### इनका कहना है-

ग्राम पंचायत चंद्रपुरा श्रीराम हर्षण गौशाला का संचालन करने की जिम्मेवारी पंचायत की है। तीन माह से गौशाला में भूसा और पशु आहार नहीं है इसकी जानकारी करवाते लेते है।

**आर. के. जैन**

उप संचालक पशु पालन डेयरी विभाग टीकमगढ़

*अन्वेषण ने प्रस्तुत किया हास्य नाटक जवानी बनाम बुढ़ापा*

# मनचले लम्पट बूढ़ों को उनके असामाजिक कृत्यों के लिये दी नसीहत



**सागर, देशबन्धु।** तुम नेक चलन औरतों की तरह रहना सीखो, तुम्हारी यह ताक झांक और छेड़छाड़ मुझे जरा भी पसंद नहीं है। क्या तुम शादी के वक्त किये गये इकरार को नहीं मानतीं। ये संवाद हैं 23 फरवरी की शाम रवीन्द्र भवन में अन्वेषण थिएटर ग्रुप द्वारा मनोज सोनी के निर्देशन में खेले गये मोलिएर के लिखे नाटक जवानी बनाम बुढ़ापा के। ये संवाद एक बूढ़ा पति अपनी उम्र से बहुत छोटी अपनी पत्नी से कहता है। इस बुड्ढे ने अपनी अमीरी के बूते इस कम उम्र की लड़की से शादी की थी। शादी वाले इकरार के पालन की दुहाई देने वाले समाज के ऐसे बूढ़ों को यह कौन बताये कि अपनी बेटी की उम्र की लड़की से की गई शादी ही अपने आप में ग़लत है। यही बूढ़ा शौहर एक दृश्य में अपनी सास से कहता है कि जब आप लोग कौड़ियों को मोहताज हो रहे थे उस वक्त मैंने ही आपको रुपये देकर मदद की थी। समाज में होने वाले ऐसे ही बेमेल उम्र के विवाहों और उनके कारण पीड़ित युवा लड़कियों की पीड़ा को यह नाटक उजागर करता है। इस नाटक में बुड्ढे की नवयौवना बीवी को एक युवक से प्रेम हो जाता है। बूढ़ा शौहर अपनी बीवी की इस करनी को अपने सास-ससुर के सामने सबूत सहित उजागर करने की कोशिश करता है और उसकी बीवी इसे छुपाने की। इसी भागम भाग के विभिन्न घटनाक्रमों को हास्य के माध्यम से इस नाटक में पिरोया गया है। नाटक हास्य के जरिये इस बुराई की परतें खोलने के साथ ही इसके पीछे छिपी पीड़ित युवतियों के दर्द को रेखांकित करने में भी सफल रहा क्योंकि दर्शकों ने विभिन्न दृश्यों में लगातार अपनी तालियों और ठहाकों से कलाकारों के अभिनय व संवादों का प्रत्योत्तर दिया। अन्वेषण के इस नाटक में बूढ़े शौहर मुंशी बर्बाद की भूमिका में सुमीत दुबे, मुंशी की युवा बीवी दिलाराम के रोल में आयुषी चौरसिया, दिलाराम के युवा प्रेमी घरबिगाड़ की भूमिका में कपिल नाहर, दिलाराम के पिता मिस्टर धरपकड़ की भूमिका में सतीश कुमार साहू, दिलाराम की मां के रूप में ज्योति रायकवार, भंडाफोड़ के रोल में संदीप दीक्षित और अमजद खान रहे। दिलाराम की नौकरानी का चरित्र रिया सेन ने निभाया, भकभकानंद के रूप में नाटक के निर्देशक मनोज सोनी ने काम किया और डीवट के चरित्र को देवेन्द्र सूर्यवंशी ने निभाया। सभी कलाकारों ने अच्छा अभिनय कर दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। मंच पार्श्व के कार्यों में डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने प्रोडक्शन मैनेजर के तौर पर काम किया। सैट का काम राजीव जाट ने देखा। लाईट का संचालन संदीप बोहरे द्वारा किया गया। संगीत परिकल्पना और संचालन का काम अभिषेक दुबे की अगुवाई में संजय कोरी, शुभम पटेल और सपना दुबे ने किया। स्टेज मैनेजर की भूमिका देवेंद्र सूर्यवंशी ने निभाई। मेकअप कपिल नाहर और स्वाति जैन ने किया। मंच सामग्री का जिम्मा अमजद खान का रहा। प्रचार-प्रसार का दायित्व अन्वेषण के अध्यक्ष रवीन्द्र दुबे कक्का और सतीश साहू ने संभाला। टिकट और ब्रोशर डिजाइन का काम मनीष दुबे मुंबई ने किया। रंगसंध्या के प्रारंभ में डॉ. पंकज तिवारी, संतोष तिवारी सहित अन्वेषण ग्रुप के अध्यक्ष रवीन्द्र दुबे कक्का, नाट्य निर्देशक मनोज सोनी एवं अन्य कलाकारों ने मां सरस्वती का पूजन कर रंगसंध्या की विधिवत् शुरुआत की, तत्पश्चात मोलिएर द्वारा लिखे गये नाटक जवानी बनाम बुढ़ापा का मंचन प्रारंभ हुआ। मंचन के दौरान रविंद्र भवन सभागार में हरगोविंद विश्व, डॉ. गजाधर सागर, अश्वनी साहू, प्रेम जाट, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, नीरज सोनी, तारिक भाईजान आदि सहित नगर के अनेकानेक रंगदर्शक उपस्थित रहे। अन्वेषण के इस दो दिवसीय आयोजन के तहत इसी नाटक का अगला प्रदर्शन आज शाम सात बजे से पुन: रवीन्द्र भवन में किया जायेगा।

## मातृभाषा हमारे रक्त की भाषा है: प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी



**सागर, देशबन्धु।** विगत दिनों अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य नंददुलारे वाजपेई सभागार में हिंदी विभाग और राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा मातृभाषा: सांस्कृतिक पहचान एवं ऐतिहासिक महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। प्रो. राजेन्द्र यादव ने स्वागत वक्तव्य दिया। उन्होंने भाषा के महत्व और उसकी उपयोगिता को लक्षित करते हुये अपने विचार सभी से साझा किये। विषय प्रवर्तन डॉ. संजय नाइनवाड ने किया। कार्यक्रम में गरिमा यादव, कंचन सोनी, तनु झा, अंकित सिंह, अभय सिंह, दीपाली, आशीष, गोलू सेन इत्यादि विद्यार्थियों ने भी अपनी अपनी मातृभाषाओं जैसे कि अवधी, बुंदेली, भोजपुरी, बघेली, मैथिली तथा बंगाली में गायन, हास्य गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी ने विभाग में बुंदेली पीठ और ईसुरी पत्रिका द्वारा हो रहे कार्यों पर ध्यान आकर्षित किया और उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा पर हमें गर्व करना चाहिये। क्योंकि मातृभाषा हमारे रक्त की भाषा है। मातृभाषा मनुष्य की सहज अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सभी को अपनी शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. हिमांशु कुमार ने किया। विभाग के प्राध्यापकों में डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. अफरोज बेगम, डॉ. लक्ष्मी पाण्डेय तथा डॉ. अवधेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में हिंदी और अन्य विभागों के शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग शोधार्थी सूर्यकांत प्रजापति, अंकित भारद्वाज, गोविंद सिंह, सुरेंद्र तिवारी, सृष्टि सिंह, शुभांगी और प्रतिभा ने किया। राजभाषा प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना ने सबका आभार ज्ञापन किया।

## कैंसर जागरूकता शिविर मे डॉक्टरों ने कहा तंबाकू, शराब और गलत खानपान से बढ़ता है कैंसर का खतरा

**बीना, देशबन्धु।** रविवार को सिंधी धर्मशाला में कैंसर जागरूकता शिविर हुआ। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार ने लोगों को कैंसर के कारणों और बचाव के बारे में जागरूक किया। डॉक्टरो ने बताया कि धूम्रपान, तंबाकू और शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन कैंसर का प्रमुख कारण है। प्रदूषण, हानिकारक रसायन और रेडिएशन के संपर्क में आने से भी कैंसर हो सकता है। उन्होंने कहा तला भुना खाना, शारीरिक निष्क्रियता और वायरल संक्रमण भी कैंसर के कारणों में शामिल हैं। हार्मोन असंतुलन और आनुवांशिक कारण भी कैंसर को बढ़ावा दे सकते हैं। कैंसर का मुख्य लक्षण किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना है। शरीर में बढ़ी हुई चर्बी की गांठें भी कैंसर का संकेत हो सकती हैं। सिंधी समाज और नगर सेवा समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में डॉ. सुनील कुमार ने सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 15 मरीजों का परीक्षण किया। उन्होंने सभी मरीजों को आवश्यक उपचार की सलाह दी।

## बाबूलाल जैन का निधन



**सागर, देशबन्धु।** बांदरी निवासी प्रकाश चंद जैन, राजेंद्र जैन के पिता एवं पत्रकार सौरभ जैन के दादा 103 वर्षीय बाबूलाल जैन मढैयामाफी वालों का रविवार रात 8 बजे असामयिक देवलोक गमन हो गया है। उनकी अंतिम संस्कार यात्रा आज सोमवार को सुबह 10 बजे ग्राम मढैयामाफी में होगी।

## सिंधी कॉलोनी में भोलेनाथ को लगी हल्दी कार्यक्रम शुरू



**सागर, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि को होने वाले शिव विवाह की तैयारी तेज हो गई हैं। महाशिवरात्रि 2025 में अब कुछ दिन शेष बचे हैं। ऐसे में इसको लेकर तैयारियां पूरे जोरों पर है। गुरदासमल बाबा नगरी सिंधी कॉलोनी देवघर में भी निर्मल भोले के बाबा महादेव के इस खास के दिन के लिये खास तैयारियां की जा रही है और जोर-शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं महाशिवरात्रि के दिन निकलने वाले झांकी पालकी को बनाने का काम भी काफी तेजी से चल रहा है। और पात्रों को तैयार करने के लिये हर दिन सज्जा अनिल, ओम बजाज के नेतृत्व में 12 से 14 घंटे तक काम किया जा रहा है। इस कार्य में राजेश, निर्मल परिवार सहित टीम के कई लोग लगे हुये हैं। बता दें कि महाशिवरात्री पर निकलने वाले शिव बारात में इस बार मुख्य आकर्षण के तौर पर शामिल होने वाले मानव दैत्य एवं जी.20 की झांकी का ढ़ांचा करीब-करीब तैयार हो गया है। इसके अलावा हर दिन बारात के साथ चलने देवताओं और भूत पिसाच, बैताल का चयन किया जा रहा है। सिंधी कॉलोनी के गुरदासमल शिव मंदिर में रविवार को मंगल गीत के साथ महिलाओं ने हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। इसके बाद शुभ मुहुर्त में बाबा भोलेनाथ को लौकिक विधि से गीत गाकर सभी महिलाओं ने हल्दी लगाई। इसके साथ ही शिव विवाह की तैयारी शुरू हुई। महिलाओं द्वारा गाये गये शगुन गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शिव बारात संयोजक निर्मल भोले ने बताया की महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। इसी दिन भगवान शंकर व मां पार्वती संग दाम्पत्य सूत्र में बंधे थे। बाबा भोलेनाथ मंदिर से भी उस दिन धूमधाम से भगवान शिव की बारात निकलेगी। पूरे सिंधी कॉलोनी का भ्रमण करते हुये बारात फिर से मंदिर पर पहुंचेगी, माला बजाज, सरिता बजाज, दीपा, कोमल बजाज ने बताया की एक 3 दिन पहले 23 फरवरी को भक्तिमय लेडीज संगीत का कार्यक्रम रखा गया। सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा महिला संगीत शुरू हो गया है। इसे लेकर तैयारी तेज हो गई है। मंदिर के बाहर बैरीकेटिंग आदि लगाने का काम भी शुरू हो गया है। 24 फरवरी को शाम 4 बजे सिंधी समाज की महिलाये मंदिर पर एकत्रित होकर मंगल गीत गायेंगी व अपने अपने हाथों में मेहंदी लगायेंगी। इसमें जिसके हाथों में सबसे अच्छी मेहंदी लगेगी उसे निर्मल भोले इनाम देंगे। दीपा बजाज ने सभी सिंधी समाज की महिलाओं से निवेदन है की भोलेनाथ के शादी समारोह कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो।

## आज से देवरहा धाम बम्होरी रेंगुआ में महामृत्युंजय यज्ञ

**सागर, देशबन्धु।** बम्होरी रेंगुआ स्थित बाबा देवरहा धाम में आज से 28 फरवरी तक महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के आयोजक एवं यजमान विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष पं. अजय दुबे ने बताया कि रविवार को वैदिक विद्वानों के सानिध्य में अरणी पात्र से अग्नि मंथन किया गया। सोमवार से आहुतियां प्रारंभ होंगी। साप्ताहिक कार्यक्रम में आज से लेकर 28 फरवरी तक आहुतियां डालीं जायेंगी। 28 फरवरी शुक्रवार को ही वृंदावन के देवरहा आश्रम के संत देवदास का पदार्पण होगा। संध्याकाल में उनके द्वारा सत्संग प्रवचन होंगे, 1 मार्च को संत श्री द्वारा प्रात: काल के समय दीक्षा प्रदान की जायेगी, 2 मार्च को बाबा देवरहा जी पर आधारित भक्तमाल कथा होगी। इसी अवसर पर 2 मार्च को ही वृंदावन धाम के प्रसिद्ध भजन गायक अखिलेश द्विवेदी द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जायेगी।

## दो महिला डॉक्टरों ने बीना सिविल अस्पताल छोड़ा

**बीना, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल में कार्यरत डॉ. हर्षिता परिहार और डॉ. नेहा यादव का भोपाल के एक प्राइवेट अस्पताल में एनेस्थीसिया विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए चयन हुआ है। डॉ. परिहार नियमित और डॉ. यादव बॉन्ड पर अस्पताल में कार्यरत थीं। इन दोनों डॉक्टरों के जाने से अस्पताल में डॉक्टरों की कमी हो जायेगी। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सिविल अस्पताल में रोजाना 250 मरीजों की ओपीडी होती है। बीएमओ डॉ. अरविंद गौर के अनुसार अब अस्पताल में 9 डॉक्टर हैं। इनमें डॉ. दीपक तिवारी, डॉ. संजीव अग्रवाल, डॉ. वीरेन्द्र ठाकुर, डॉ. नारायण यादव, डॉ. रिया जैन, डॉ. पल्लवी यादव, डॉ. आलोक यादव, डॉ. नेहा कटारे शामिल हैं। डॉ. पल्लवी यादव और डॉ. रिया जैन क्रमश: भानगढ़ और आगासौद में पदस्थ हैं, लेकिन उनकी ड्यूटी बीना में लगाई गई है।

## महार प्राइमरी स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** कैंट स्थित परेड मंदिर के पास महार प्राइमरी स्कूल ने 22 फरवरी को अपना चतुर्थ वार्षिक उत्सव रंगोत्सव थीम पर आयोजित किया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर आईएस भल्ला एवं मोना भल्ला ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कर्नल अरुण कुमार, कर्नल वेंकट एस तन्नेरू एवं कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। शिक्षा विभाग से बीआरसी अनिरुद्ध डिम्हा और बीएससी राघवेंद्र सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के नवनिर्मित मंच का उद्घाटन किया गया एवं विद्यालय की मैगजीन का भी विमोचन किया गया। ईश वंदना के साथ मनमोहक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। नर्सरी से लेकर कक्षा 3 तक के छात्र-छात्राओं का उत्साह और मेहनत मंच पर साफ दिख रही थी। कार्टून वर्ल्ड डांस और सीजन डांस का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। योगा नाट्यम देखकर सभी दर्शक अचंभित रह गये विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, पंजाबी डांस और रेट्रो गीतों के कार्यक्रम को देखकर दर्शकों ने करतल ध्वनि से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। हास्य स्किट पैसा ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। महार रेजीमेंट के वीर शहीद मेजर परमेश्वरन के शौर्य को मंच पर घटना देख दर्शक रोमांचित हो गये। रामायण कार्यक्रम को सभी दर्शकों नें सीटों पर से खड़े होकर तालियां बजाकर सराहा। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर आईएस भल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर बच्चा विशेष होता है। हर बच्चे के अंदर अलग-अलग गुण पाये जाते हैं। इन्हीं बच्चों में से भविष्य में कुछ बच्चे खेलों में, कुछ पढ़ाई में, कुछ अन्य क्षेत्रों में अपने माता-पिता का और देश का नाम उज्ज्वल करेंगे। प्रधानाचार्या जोसलीन साबू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ग्रैंड फिनाले के बाद उप प्रधानाचार्य शिल्पा पंचरत्न ने सभी का आभार व्यक्त किया और इस तरह से इस मंत्र मुग्ध कर देने वाली कार्यक्रम का समापन हो गया।

## निरंकारी मिशन के सेवादल ने की चकराघाट की साफ सफाई



**सागर, देशबन्धु।** संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को सतगुरु बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सागर में निरंकारी मिशन ने रविवार को अमृत प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के तहत सागर की लाखा बंजारा झील के चकराघाट सहित अन्य घाटों की साफ सफाई की गई जिसमें जिसमें सागर के जोनल इंचार्ज नारायण दास निरंकारी सागर, निगमायुक्त सहित निरंकारी सेवा दल के लगभग 300 भाई बहनों ने इसमें भाग लिया। नारायणदास निरंकारी ने बताया कि आज का दिन सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन निरंकारी मंडल द्वारा सफाई करके गुरु जी का जन्मदिन मनाते है बाबा हरदेव सिंग हमेशा फरमाते थे कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर हो दोनों ही दुखदाई होता है बाबाजी को सिखलाई को चरितार्थ करके हुये निरंकारी सेवादल द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान में आज पूरे देश में चलाया जा रहा है। जिसमें जल स्त्रोतों जैसे नदी तालाब कुयें पोखर आदि की साफ सफाई की जा रही है। जिससे सभी लोगों में जल स्त्रोतों की देखभाल की जाये जिससे आने वाली पीढ़ी को पानी की कमी नहीं हो ओर वहीं स्वक्षता का संदेश भी जन जन तक पहुंचे जगह-जगह गंदगी नहीं फैलाये। वही निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा ये कार्यक्रम प्रशंसनीय है ये बहुत ही सुंदर तरीके से अपने गुरु के प्रति समर्पित होते हुये उनके वचनों पर चलते हुये जनता को भी सफाई के प्रति जागरूक कर रहे है आज जिस तरह से निस्वार्थ भाव से चकराघाट की सफाई की है वाकई इसके लिये निरंकारी मिशन को में धन्यवाद करना चाहता हूं इस तरह हर कोई सफाई के प्रति सजग हो जाये तो हमारा शहर बहुत सुंदर लगेगा। क्षेत्रीय संचालक गुलाब निरंकारी ने सभी आये अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर सुनील गंगवानी, विजय निरंकारी, प्रकाश निरंकारी, नाथूराम चौरसिया, शीतलदास निरंकारी, राहुल प्रजापति, अमर गंगवानी, संतोष चौरसिया सहित कई भाई बहिन मौजूद रहे।

## आजक्स जिलाध्यक्ष का चुनाव 2 मार्च को

**सागर, देशबन्धु।** मप्र जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रदेश अध्यक्ष जेएन कांसोठिया ने 16 जनवरी को सभी जिलाध्यक्ष अजाक्स को पत्र लिखकर जिलों के तीन वर्ष के कार्यकाल को समाप्त होने एवं निर्वाचन हेतु प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिये कहा गया जिसके अंतर्गत सागर में 23 फरवरी रविवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अब 25 फरवरी को नामांकन भरे जायेगे एवं नामांकन पत्र की जांच एवं नामवापसी 26 फरवरी निर्धारित है। वहीं 2 मार्च को जिलाध्यक्ष अजाक्स का चुनाव कराये जायेगे।

## पावर लिफ्टिंग में विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किये



**सागर, देशबन्धु।** पावर लिफ्टिंग ऐसोसियेशन सागर द्वारा पुरूष एवं महिला पावर लिफ्टिंग का आयोजन श्रीराम कॉलोनी में किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर एवं मास्टर्स महिला पुरूष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संयोजक दिव्या सैनी, अध्यक्ष बीडी कश्यप, सचिव अभिषेक सैनी, सह सचिव बीडी विश्वकर्मा, पार्षद रोशनी वसीम खान द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किये गये।

## मन की बात कार्यक्रम को जिले के सभी 1271 बूथों पर सुना गया



**सागर, देशबन्धु।** प्रत्येक माह अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने मन की बात कार्यक्रम को सागर विधानसभा सभा के डॉ. हरिसिंह गौर मंडल के बूथ क्रमांक 192 पर गर्ल्स डिग्री कॉलेज की जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा विनय मिश्रा एवं बूथ समिति सदस्यों के साथ सुना। कार्यक्रम उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि 140 करोड भारतीयों के संरक्षक भी हैं। वो हर वर्ग की, हर व्यक्ति की चिंता करते हैं। यही चिंता उन्होंने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रकट की। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की मन की बात कार्यक्रम को जिले के सभी संगठनात्मक 26 मंडलों के 1271 बूथों पर सुना गया सभी पार्टी के प्रतिनिधियों, पदाधिकारी, बूथ समिति सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना व कार्यक्रम संबंधी आवश्यक जानकारी संगठन एप पर अपलोड की।

**▸ बूथ क्रमांक 192 में जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यक्रम को सुना**

## रोटरी क्लब ऑफसागर आरसीसी का 66वां नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफसागर आरसीसी द्वारा 66वां साप्ताहिक नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण सिविल लाइन स्थित कांची रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आरसीसी चैयरमैन रो. एड. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा की प्रेरणा से हर रविवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर आरसीसी बहेरिया अध्यक्ष एवं ऑर्बिटर अंकुर सिंह लोधी ने उपस्थित बच्चों को शतरंज के नियमों व रणनीतियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान हरिनारायण खरे, रूपेश एवं सपना लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सत्र में दो बच्चों ने भाग लिया और खेल की बारीकियों को सीखा। रोटरी क्लब आरसीसी की ओर से यह प्रशिक्षण निरंतर हर रविवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नि:शुल्क रूप से दिया जाता है, जिससे शतरंज में रुचि रखने वाले बच्चे लाभान्वित हो सकें। अंत में आरसीसी मधुकर शाह सदस्य अजय उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** 
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।